जीनें प्यारिसतीके वियोगतें । कोपसों दक्षके यज्ञ विध्वंस कियो ॥ तोभी शिवजीके मनको संताप गयो नही तब शिवजीनें मनकों प्रसन्नताके लिये ॥ चार प्रकारके बाजे उपजाये ॥ नंदिकेश्वर । १ । स्वातिगण । २ । तुंबूरगंधर्व । ३ । नारदमुनि । ४ । इन च्यारोंसो च्यारो बाजे बजवाये ॥ आप शिवजी गांन कियो तब श्रीशिवजी परमानंद पाये । तब यह अज्ञा करी ॥ जो इन च्यारों बाजेनको गीतनृत्य संग मंगलीक कारिजमें ॥ जो कोई पुरुष रचे रचाये ताके सकल मंगल कारिज सिद्धि होयगे ॥ यह वरदान दीयोहें यातें राजाके राजतिलकमें । १ । दिग्विजयकी यात्रामें । २ । सालगिरह आदिसिगरे उछवमें ओर सब मंगलीक कारीजमें । जनेऊ विवाह आदिक उछाहमें ॥ जो कोइ भूकंप आदि उत्पातकी शांति करिवेमें । वा संभ्रम आनंदमें जुद्धमें सुरवीरके हर्षवधायवेको । नाटकमें वीररस रौद्र रसमें । ये च्यारों बाजे बजाइये ॥ छोटे मोटे मंगल कारिजमें । जो बाजे मिले सो बजाइये ॥ इन बाजे बजायवेकों प्रयोजन कहे हैं ॥ जो नाटकमें नृत्य करिवेवारे । गायवेवारे पुरुष बाजेके संग मिलिकें नृत्य गांन करे तब ऊंनको वेदना नही होय । चित उछाह पावे सकल दुख दूरि होय ॥ ओर बाजेके संग जो गीत नृत्य होय तहां ॥ गीत नृत्यकी कसरी जानी नही पडे घणों सुख उपजावे ॥ **इति च्यारों बाजेनकी उत्पत्ति लछन संपूर्णम् ॥**

अथ च्यारों बाजेनके भेद लिख्यते ॥ तहां प्रथम तत बाजेके भेद लिख्यते ॥ तत बाजेके मुख्य वीणा कही हैं ॥ सो यह वीणा दोय प्रकारकीहैं सो जांनिये ॥ एक श्रुति वीणा । १ । दूसरी स्वर वीणा । २ । सो श्रुति वीणाको लछन स्वराध्यायमें कह्यो हैं ॥

अथ सर्वमत अनुसारसों सारंगदेव राजर्षिः । अनुष्टुप् चक्रवर्ती आदिक ब्रह्मरषिनके मतसों तत बाजेके भेद लिख्यते ॥ तहां मुख्य रुद्रवीणाहे ॥ एकतंत्री । १ । नकुली । २ । त्रितंत्री । ३ । चित्रावीणा । ४ । विपंची । ५ । मत्तकोकिल । ६ । आलापिनी । ७ । किन्नरी । ८ । पिनाकी । ९ । निशङ्कवीणा । १० । यह भेद दस जांनिये ॥

तहां तत बाजेमें मुख्य रुद्रवीणा हे सो संगीत पारिजातके मतसों पहले कहीहे अबतो रुद्रवीणाके दोय भेद हे तिनके स्वरूप लछन लिख्यते ॥

तहां प्रथम भेद सुद्ध मेलके वीणा दूसरो भेद । मध्य मेल वीणा । २ । इन दोऊनको लछन लिख्यते ॥ जा वीणाके ऊपरके तारनमें मंद्र । १ । मध्य । २ । तार ।३। इन तीनों स्थानको षड्ज समान पहलें राखिये । सो सुद्ध मेला नामकी रुद्रवीणा जांनिये ॥ जहां पंचम वा मध्यम इन दोऊमें । एक स्वर मुख्य होय ॥ सो मध्यमेला नाम रुद्रवीणा जांनिये । २ । तहां सुद्ध मेलाके दोय भेद हैं ॥ अखिल राग मेला । १ । राग मेला । २ । येही दोनों भेद ॥ मध्य मेला वीणाके जांनिये । तहां मध्य मेलाको प्रथम भेद ॥ अखिल राग मेला मध्य मेला । १ । राग मेला मध्य मेला । २ । अब इनके लछन कहे हैं ॥ जा वीणामें मंद्र मध्य तार ॥ इन तीनो स्थानककी समक तीन होय ॥ सो सुद्ध मेला अखिल मेला जांनिये ॥ यह ब्रह्माजी कहे हैं ॥ जा वीणामें मध्य स्थान ॥ तार स्थानमें स्वरनको मेल । एक एक रागको न्यारो होय । सो सुद्ध मेला वीणा एक राग मेला जांनिये ॥ आछे कारीगरसों वीणा सुंदर बनाईये ॥ वाके उपर च्यार तार लगाइये । दाहिनी तरफ ओर तीन तार न्यारे लगाइये । तहां ऊपरले च्यारों तारनमें पहले तारनमें अनुमंद्र षड्ज राखिये । दूसरे तारमें अनुमंद्र पंचम राखिये । तीसरे तारमें मंद्र षड्ज राखिये ॥ चोथे तारमें मंद्र मध्य राखिये ॥ दाहिनी तरफके तीन तारमें ॥ पहले तारमें मध्य ग्रामको षड्ज राखिये ॥ दुसरे तारमें मंद्र । १ । पंचम । २ । राखिये । तीसरे तारमें मंद्र । १ । षड्ज । २ । राखिये । इन तीनों तारनको नाम श्रुतिस्थान जांनिये ॥

अथ सारि, धरवेको प्रकार लिख्यते ॥ अनुमंद्र षड्जके तारमें । जहां रिषभ सुद्ध, तहां पहली सारि राखिये ॥ वाही तारमें जहां गांधार सुरू होय तहां दूसरी सारि राखिये । २ । वही तारमें साधारण गांधारके स्थानकमें तीसरी सारि राखिये । ३ । लघु मध्यमके स्थानके वही तारमें चोथी सारि राखिये । ४ । वही तारमें सुद्ध मध्यमके स्थानमें पांचमी सारि राखिये । ५ । वही तारमें लघु पंचमके स्थानके वही छटवी सारि राखिये । ६ । यह पहले तारके स्वरनको विचार जांनिये ॥

अब इन छह सारिनसों दूसरे तारमें छह स्वर होत हैं ॥ दुसरे तारमें

पहली सारिपें सुद्ध धैवत । १ । दुसरे तारमें दूसरी सारिपें सुद्ध निषाद । २ । दुसरे तारमें तीसरी सारिपें कैशिक निषाद । ३ । दुसरे तारमें चोथी सारिपें लघु षड्ज । ४ । दूसरे तारपें पांचमी सारिपें सुद्ध षड्ज । ५ । दूसरे तारपें छटवी सारिपें सुद्ध रिषभ । ६ । ऐसें अनुमंद्र पंचम जुत ॥ दूजे तारपें छटवी सारिसों ये स्वर जांनिये ॥ यहां मंद्र । १ । षड्ज । २ । जुत तीसरे तारमें छह सारिसों छह स्वर कहे हें ॥ तीजे तारमें पहली सारिमें । सुद्ध रिषभ । १ । तीजे तारमें दूजी सारिमें सुद्ध गांधार तीजे तारमें तीसरी सारिमें साधारण गांधार । तीजे तारमें चोथी सारिमें लघु मध्यम तीजे तारमें पांचवी सारिमें सुद्ध मध्यम ॥ तीजे तारमें छटवी सारिमें लघु पंचम । ऐसें जांनिये ॥

अब मंद्र मध्यम जुत चोथे तारमें छह सारिनिसों छह स्वर कहे हें ॥ चोथे तारमें पहली सारिमें लघु पंचम । १ । चोथे तारमें दूजी सारिमें सुद्ध पंचम । २ । चोथें तारमें तीसरी सारिमें सुद्ध धैवत । ३ । चोथे तारमें चोथी सारिमें सुद्ध निषाद । ४ । चोथे तारमें पांचवी सारिमें कैशिक निषाद ॥ चोथे तारमें छटवी सारिमें लघु षड्ज ॥ ऐसें च्यारों तारको विचार जांनिये ॥ ये छह सारिसों च्यार तारमें जे स्वर कहे ते श्रीशिवजीनें कहे हें । सो वीणामें ऐसें स्वरकों रचिये । कोऊ ओर तरे करे तो प्रमान नही हे । यह श्रीशिवजीकी आज्ञा है । इहां मंद्र । १ । अनुमंद्र । २ । मध्य । ३ । तार । ४ । स्वरन कहे हें ॥ सो एक एक श्रुतिके घटे वधे तें जांनिये वामें दोस नही हें । यासों ये सारि मध्यमसों तारमें ॥ तारसों अतितारमें ॥ जैसें जहां चाहिये तैसें तहां सारि राखिये ॥ इहां च्यारों तारमें ॥ षड्ज । १ । पंचम । २ । षड्ज । ३ । मध्यम । ४ । ये संवादी स्वर राखिये ॥ ऐसें सारिनमें परस्पर संवादि जांनिये ॥

अब मध्यम स्थानकी सारिनमें चोथे तारपें जो स्वर सोहि स्वर जांनिये ॥ इहा अंतर गांधार । १ । काकली निषाद । २ । इन दोनु स्वरनकी सारि नही कही ॥ यातें लघु षड्जमें ॥ एक श्रुति घाटि बजायके काकली निषाद कीजिये ॥ अरु लघु मध्यम एक श्रुति घाटि बजाइकें अंतर गांधार कीजिये ॥ इनकी न्यारि सारि कीये तें सारि संकीर्ण होय ॥

जासों बजायवो बनें नही ॥ यासों न्यारी नही करी ॥ यासों लघु षड्ज ॥ १ ॥ लघु पंचम ॥ २ ॥ इन दोनुनकी सारि एक श्रुति निचि सरकायकें बजावें तब काकली निषाद ॥ १ ॥ अंतर गांधार ॥ २ ॥ ये दोनु होत हें ॥ जेसें ओर स्वरनमें चढी उतरी धुनिसों चढे उतरे स्वरको भेद जांनिये ॥ तहां रिषभ । १ । धैवत । २ । च्यार श्रुतिके होय ॥ अरु मध्यम पांच श्रुतिको होय तहां । ऐसें सारिनिकों उंची निचि सरकायकें बजाइये ॥ ऐसें सुद्ध मेल वीणा जांनिये ॥

अब या सुद्ध मेल वीणाके च्यार भेद हें ॥ तिनमें पहलो भेद कह्यो ॥ अब सुद्ध मेल वीणाको ॥ दूसरो भेद कहतहे ॥ जा सुद्ध मेल वीणाके उपरले च्यार तारनमें पहलो तार ॥ अनुमंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ १ ॥ दूसरो तार अनुमंद्र मध्यम जुत कीजिये ॥ २ ॥ तीजो तार अनुमंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ ३ ॥ चोथो तार अनुमंद्र पंचम जुत कीजिये ॥ ४ ॥ पहले तारके छटवो सारिनमें क्रमसों सुद्ध रिषभ ॥ १ ॥ सुद्ध गांधार ॥ २ ॥ साधारण गांधार ॥ ३ ॥ लघु मध्यम ॥ ४ ॥ सुद्ध मध्यम ॥ ५ ॥ लघु पंचम ॥ ६ ॥ ये स्वर जांनिये ॥ १ ॥ दूजे तारनके छटवो सारिनमें क्रमसो। सुद्ध रिषभ ॥१॥ सुद्ध गांधार ॥ २ ॥ साधारण गांधार ॥ ३ ॥ लघु मध्यम ॥ ४ ॥ सुद्ध मध्यम ॥ ५ ॥ लघु पंचम ॥ ६ ॥ ये स्वर जांनिये ॥ चोथे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों। सुद्ध धैवत ।१। सुद्ध निषाद ।२। कैशिक निषाद ।३। लघु षड्ज ।४। सुद्ध षड्ज ।५। सुद्ध मध्यम । ६ । ये स्वर जांनिये ॥ याभेदमें षड्जजुत तारनके स्वरनमें तीन श्रुतिको पंचम ॥ ओर च्यार श्रुतिको मध्यम जांनिये ॥ सो ये स्वर परस्पर मिले नही । जाको जे स्वर समानश्रुतिको होय ॥ सो संवादि स्वर मिले यातें दोनु स्वर षड्जमें नहि लीजिये ॥

अब सुद्ध मेल विणाको तीसरो भेद कहे हें ॥ सुद्ध मेल वीणाके उपरके च्यारों तारनमें । पहलो तार अनुमंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ १ ॥ दूजो तार अनुमंद्र मध्यम जुत कीजिये ॥ १ ॥ तीजो तार अनुमंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ १ ॥ चोथो तार दूजो तारनकी नांइ ॥ अनुमंद्र मध्यम जुत कीजिये ॥ १ ॥ जहां पहले तारके छटवो सारिमें क्रमसों सुद्ध रि-

षभ । १ । सुद्ध गांधार । २ । साधारण गांधार । ३ । लघु मध्यम । ४ । सुद्ध मध्यम । ५ । लघु पंचम । ६ । ये स्वर जांनिये ॥ दूजो तारके छटवो सारिनमें क्रमसों। लघु पंचम । १ । सुद्ध पंचम । २ । सुद्ध धेवत । ३ । सुद्ध निषाद । ४ । कैशिक निषाद । ५ । सुद्ध षड्ज । ६ । ये स्वर जांनिये । १ । तीजे तारनके छटवो सारिनमें क्रमसों । सुद्ध रिषभ । १ । सुद्ध गांधार । २ । साधारण गांधार । ३ । लघु मध्यम । ४ । सुद्ध मध्यम । ५ । लघु पंचम । ६ । ये स्वर जांनिये । ३ । चोथो तारनके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ लघु पंचम । १ । सुद्ध मध्यम । २ । सुद्ध धेवत । ३ । सुद्ध निषाद । ४ । कैशिक निषाद । ५ । सुद्ध षड्ज । ६ । ये स्वर जांनिये । १ । या भेदमें च्यार श्रुतिको मध्यम ॥ तीन श्रुतिको पंचम जांनिये ॥ ये दोनु स्वर अनुमंद्र षड्ज जुत तारके स्वरनमें नही कहे हें । रु। घाटि बांधि श्रुतितें संवादी नहीं हें ॥ यातें ये दोनु स्वर आपसमें मिले नही ॥ यातें मध्यम पंचम षड़जके तारमें नहीं लिजीये ॥

अब सुद्ध मेल वीणाके चोथो भेद कहे हें ॥ जा सुद्ध मेल वीणाके ऊपरके च्यारों तारमें पहलो तार अनुमंद्र षडज जुत कीजिये ॥ दुजो तार मंद्र पंचम जुत कीजिये ॥ तीजो तार अमुमंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ चोथो तार मंद्र पंचम जुत कीजिये ॥ जहां पहले तारके छटवो सारिनमें क्रमसों । सुद्ध रिषभ ॥ १ ॥ सुद्ध गांधार ॥ २॥ साधारण गांधार ॥ ३ ॥ लघु मध्यम ॥ ४ ॥ सुद्ध मध्यम ॥ ५ ॥ लघु पंचम ॥ ६ ॥ ये जांनिये ॥ दूजे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ सुद्ध धैवत ॥ १ ॥ सुद्ध निषाद ॥ २ ॥ कैशिक निषाद ॥ ३ ॥ लघु षड्ज ॥ ४ ॥ सुद्ध षड्ज ॥ ५ ॥ सुद्ध रिषभ ॥ ६ ॥ ये जांनिये । या दुजे तारके स्वरनमें सुद्ध षड्ज ॥ सुद्ध रिषभ नही लीजिये ॥ तीजे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ सुद्ध रिषभ ॥ १ ॥ सुद्ध गांधार ॥ २ ॥ साधारण गांधार ॥ ३ ॥ लघु मध्यम ॥ ४ ॥ सुद्ध मध्यम ॥ ५ ॥ लघु पंचम ॥ ६ ॥ ये जांनिये ॥ १ ॥ चोथा तारके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ सुद्ध धैवत ॥ १ ॥ सुद्ध निषाद ॥ २ ॥ कैशिक निषाद ॥ ३ ॥ लघु षड्ज ॥ ४ ॥ सुद्ध षड्ज ॥ ५ ॥ सुद्ध रिषभ ॥ ६ ॥ ये स्वर जांनिये ॥ या भेदमें मंद्र पंचम जुत तिनके स्वरनमें

सुद्ध षड्ज ॥ १ ॥ सुद्ध रिषभ ॥ २ ॥ ये दोऊ स्वर प्रयोगमें नही लीजिये ॥ ४ ॥ इति सुद्ध मेल वीणाके च्यार भेद संपूर्णम् ॥

अथ मध्य मेल वीणाको लछन लिख्यते ॥ या मध्य मेल वीणामें ॥ सुद्ध मेल वीणाकी सिनाई । उपर च्यार तार कीजिये ॥ जिन च्यारों तारनमें पहलो तार अनुमंद्र पंचम जुत कीजिये ॥ दुजो तार मंद्र षड्ज जुत कीजिये ॥ तीसरो तार अनुमंद्र पंचम जुत कीजिये ॥ चोथो तार मध्यम षड्ज जुत कीजिये ॥ ओर दहिनी औरके तीन तारनमें ॥ पहले तारमें मध्यम ग्रामको षड्ज राखिये ॥ दूसरेमें मंद्र पंचम राखिये ॥ तीसरे तारेंम मंद्र षड्ज राखिये । ये तीनो तार श्रुतिके स्थानमें जांनिये॥ या मध्य मेल वीणामें ॥ ऊपरले पहले ॥ दूसरे । तीसरे । तारनमें बरोबर श्रुतिके षड्ज स्वर । ओर रिषभ स्वर । ओर हूं स्वर होय ॥ तब अनुमंद्र मध्यम पंचम जुत तारके ॥ सुद्ध षड्ज ॥ १ ॥ सुद्ध रिषभ ॥ २ ॥ प्रयोगमें नही लीजिये ॥ यह मध्य मेल वीणामें ॥ ऐसें तारके स्वर जांनिये इहां पंचम जुतकी पहले तारकी । छटवो सारिनमें क्रमसों । सुद्ध धैवत । १ । सुद्ध निषाद । २ । कैशिक निषाद । ३ । लघु षड्ज । ४ । सुद्ध षड्ज । ५ । सुद्ध रिषभ । ६ । ये जांनिये । १ । इहां पंचम जुत तारके छटवो सारिनमें । सुद्ध षड्ज । सुद्ध निषाद नही ली-जिये ॥ षड्ज जुत दूजे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों सुद्ध रिषभ । १ । सुद्ध गांधार । २ । साधारण गांधार । ३ । लघु मध्यम । ४ । सुद्ध मध्यम । ५ । लघु पंचम । ६ । ये जांनिये । १ । मृदपंचम जुत तीजे तारके छटवो सारि-नमें क्रमसों ॥ सुद्ध धैवत । १ । सुद्ध निषाद । २ । कैशिक निषाद । ३ । लघु षड्ज । ४ । सुद्ध षड्ज । ५ । सुद्ध रिषभ । ६ । या तीसरे तारकेहूं सुद्ध षड्ज । १ । सुद्ध रिषभ । २ । नही लीजिये । मंद्र षड्ज जुत चोथे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ सुद्ध रिषभ । १ । सुद्ध गांधार । २ । साधारण गांधार । ३ । लघु मध्यम । ४ । सुद्ध मध्यम । ५ । लघु पंचम । ६ । ये जां-निये ॥ ऐसें प्रथम मध्य मेल वीणाके च्यारों तारनमें स्वर जांनिये ॥ यह पहिलो भेद है सो कहे हें ॥

या मध्य मेल वीणाको दूसरो भेद कहे हें ॥ जा मध्य मेल

वीणामें च्यारों तारनमें पहलो तार मंद्रमध्य जुत कीजिये। १। दूसरो तार मंद्र षड्ज जुत कीजिये। २। तीसरो तार मंद्रमध्य जुत कीजिये। ३। चोथो तार मंद्र षड्ज जुत कीजिये। ४। इहां मध्यम जुत तारके स्वरनमें मध्यम चार श्रुतिकों जांनिये ॥ ओर पंचम तीन श्रुतिकों। मध्यम पंचम दोऊ। षड्ज जुत तारनमें नही लीजिये ॥ ओर यासके तीनो तारके। स्वरनकी बराबर श्रुति जांनिये ॥ तहां पहले तारकी छटवो सारिनमें क्रमसों लघु पंचम। १। सुद्ध पंचम। २। सुद्ध धैवत। ३। सुद्ध निषाद। ४। कैशिक निषाद। ५। सुद्ध षड्ज ये जांनिये ॥ दूजे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों। सुद्ध रिषभ। १। सुद्ध गांधार। २। साधारण गांधार। ३। लघु पंचम। ४। सुद्ध मध्यम। ५। लघु मध्मम। ६। ये जांनिये। १। यां दूजे तारके सारीनके स्वरमें सुद्ध मध्यम। १। लघु पंचम नही लीजिये ॥ तीजे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों ॥ लघु पंचम। १। सुद्ध पंचम। २। सुद्ध धैवत। ३। सुद्ध निषाद। ४। कैशिक निषाद। ५। सुद्ध षड्ज। ६। ये जांनिये। १। चोथे तारके छटवो सारिनमें क्रमसों सुद्ध रिषभ। १। सुद्ध गांधार। २। साधारण गांधार। ३। लघु मध्यम। ४। सुद्ध मध्यम। ५। लघु पंचम। ६। ये जांनिये। या चोथे तारके सारिनके स्वरनमें। सुद्ध मध्यम। १। लघु पंचम। २। ये दोऊ दूर नही कीजिये। यातें इहां छटवो स्वर लीजिये ॥ यह दूसरो भेद जांनिये ॥ इहां मंद्र मध्य तार नादकी उतपत्ति वीणामें सरीर वीणामेंसों विपरित जांनिये ॥ इति **रुद्रवीणाके भेद सुद्धमेल वीणा। १। मध्यमेल वीणा। २। तिनके भेद लछन संपूर्णम् ॥**

अथ वाद्याध्यायमें जे जे कहिवेके वस्तुहै तिनके अनुक्रमसों नाम लिख्यते ॥ जहां तत बाजेके बजायवेकी रिति। १। अनेक प्रकारके करसारण। २। सुषिर वाद्य। ३। सुषिर वाद्यको पाट। ४। पाटछर। ५। पाटछरकी रचना। ६। पाटाछरके अनुस्वार। ७। बाजेके संबंधि॥ अबंध खंड। ८। मृदंग वाद्य। ९। मृदंग बजायवे वारेके भेद। १०। इनके गुणदोस। ११। इनको वृंद लछन। १२। हुडुका आदि बाजेनको अपने अपने पाटाछरके अनुस्वार

बजायबो । १३ । घन बाजेको स्वरूप बजायवेवारेके गुणदोस । १४ । बजायवे-बारेके थाथके गुणदोष । १५ । इतनी वस्तु वाद्याध्यायमें जांनिये ॥

अछे एकतंत्री वीणाके प्रमाण करिवेको पहले माप कहे हें ॥ इहां बाजेके मापवेमें ॥ अंगुठाके थोरु प्रमान तो अंगुला जांनिये ॥ ऐसें बारह आंगुलको विलसति एक जांनिये ॥ ऐसी दोय विलसतीको एक हात जांनिये ॥ या रितिसों सब बाजेके मापवेकी विधि जांनिये ॥

अथ एकतंत्री वीणाको लछन लिख्यते ॥ अब जामें ॥ गांठि छेद फांट बांक नहीं होय । ओर चिकनों सुद्धो खेरको वा ओर कोई पाको काठ होय ताको दंड गोल कीजिये । वा दंड तीन हात लंबो कीजिये । एक विलसतीकी परिधि कीजिये । दंड माहि सों पोलो कीजिये तहां दोऊ तरफके मोहरामें । डेड आंगुल माये या माफिक पोलो कीजिये ॥ बिचमें कनिष्ठ आंगुलि मावे । ऐसें तीन छेद करिये । अथवा अंगुठाके पासकी आंगुरी मावे । ऐसें दोय छेद कीजिये ॥ वा दंडके निचले भागमें । शंकुकी जाय डयोड आंगुलको चोडो खेरको । वा सारको ककुभ लगाइये ॥ ओर तिरछो लंबो आठ आंगुलको ककुभ होय । सो ककुभको मध्य ॥ बांयो दाहिनो एक एक आंगुल छोडीकें काछवाकी पीठकी सीनाई ढालु कीजे ता मध्यमें पटुकी जमायवेकों एक छिद्र कीजिये बादमें जोनिके आकार एक छिद्र कीजिये । वा छेदमें मावें ऐसे एक काठकी कील लगाइये । वा कीलमें दोय आंगुलकी चोडी आठ आंगुल लंबी पटुली अष्ट धातुकी बनायकें । ककुभके मध्यमें बाहरी ओर लगाइये । वा ककुभको मध्य निचो होय । ककुभके नीचे दोय छोटी दंडी लगाइये । फेर आठ आंगुलको लंबो गोल उपरको भाग तीन आंगुलको मोटो ॥ सुंदर जांको होय ॥ जाको मध्य काछवाकी पीठकी तरह ढालु होय ऐसो जाको उपरको भाग होय जाको निचलो भाग ॥ ऐसो होय जो दंडके मुखमें बेठे ऐसी एक काठकी कील करीकें ककुभमें लगाइ दंडमें लगाइये ऐसो दंडमें ककुम लगायके ॥ वा दंडके ऊपर नीचकों ॥ बांटो सतरे सतरे आंगुर छोडिके नीचेको दोय छेद कीजिये ॥ एक सूतसों । तहां एक छेद तो ककुभकी तरफ होय ॥ एक छेद परिधकी तरफ होय ॥ तहां दो बड़ा तांत्ति पहले छेदमें डारिकें दुसरे छेदमें काढि लीजिये । फेर वां तांतको ऊल-

टिकें । थोरिसी बाहर राखिं । फेर वा छेदमें डारिकें पहले छेदमें काढि लीजिये । ऐसें तांत घालिये । आठ आंगुलके ऊंचे पक्के दोय तूंबा लीजिये । तिनको गला बारह आंगुलको ऊंचो होय ॥ और अडतालीस आंगुलको उंचो पेट होय । ऐसें तूंबा दोय गोल होय ॥ सो वा दंडके लगाइये । तहां तूंबाके वृन्त स्थानमें कंठके निचें । तीन आंगुलकी चोडी बीचमें जाके छिद्र होय नीचेंको जाको मुख होय ॥ एसी नाभि लगाइये । और नारेलीको टूक दोऊ तूंबाके भीतर धरिकें वामें दोऊ छेदकी दोऊ तांत लगाइये । नारेलीके टुकके नीच छोटीसी कील दोवडा । तांनके फदामें । देके वह कील फेरिये । एसी फेरीये जेसी तूंबाकी नाभि दंडसो गाढी चिपें हाले नही याको चिबुक कहतहें ॥ ऐसें तूंबा दोऊ दंडमें गांठ लगाइये ॥ और रेसमको अथवा भिहि सूतको डोरा एकले करिकें ॥ दोहरी तांनको नाग पासमें बांधिकें ॥ जेसें तूंबा गाढ रहें ॥ एसें तूंबाके उपरे दंडमें गाढो डोरो ॥ अरु नागपास लपटये ॥ वह या नागपासके लपटवेंमें वीणाके दंडके अंतमें दाबिये ॥ फेर ककुभको दंडमें तांतसों गाढो बांधिये ॥ फेर पक्के बांसकी छालीकी दोय आंगुल लंबी ॥ एक जो प्रमान चोडी जीवा पटुली तारके बिचमें लगाइये ॥ याको लौकिकमें जीवारि कहे हें । या जीवारीसों तारकी मधुर धुनि होय हें ॥ अथवा रेसमके डोराकी जीवारी कीजिये ॥ और पक्के बांसकी छाल लंबी बारह आंगुल अरु चढी आंगुलके नख प्रमान चोडी ॥ तूंबाके निचे तीन ॥ आंगुल निचें दंडमें लपेटिये ॥ यासें मंद्रस्थानको भेद जान्यो परे । या भांति सास्त्रकी रीतिसों जो वीणा होय सो एकतंत्री जानिये ॥ और सब वीणा या वीणाको भेद हें ॥ यातें या वीणा मुख्य प्रकृति हें ॥ यातें दरसन परसनतें । धरम । अरथ । काम । मोक्ष । ये च्यारों पावत हें । और ब्रह्महत्यादिकनें आदि लेयर सिगरे पापतें वोह पुरुष छुटत हें । या वीणाके दंडारिकके देवता पहले रुद्रवीणामें कहेहें सो जानि लीजिये ॥

अथ या वीणाके धारिवेकी विधि कहे हें ॥ नीचेकों दोउ तूंबा होय ॥ ओर नीचेंको वीणाको मुख रहे ओर ऊपरको तार रहें। याके मोराके स्थानको बांये कंधापें राखे । ककुभको दाहिणें पावकी एडीपें राखिये ॥ बांये हातकी चटी । आंगुरीकी पिछिपें कम्रिका राखिये ॥ याको सारण तें सारह कहे हें ॥

ओर चटीआंगुलीके पासकी आंगुलीकी कीयासों हू सारणां कहेहें ॥ ओर मध्य-आंगुरीकों कछूइक टेडी करि अंगुठाके पासकी आंगुरीके ॥ अग्रसों मीलायकें ॥ अपनी छातीके पास वीणा दाबिकें राखिये । मंद्र । १ । मध्य । २ । तार । ३ । की सिद्धिके वास्ते ॥ दाहिणे हातसों तारके नीचे ऊपर ताडन कीजिये ॥

अथ कम्रिकामका लछन लिख्यते ॥ जीवातें एक विलस्तिभरि-तार छोडिके स्वरकी सिद्धिके अरथ तार दाबि ताडन कीजिये ॥ यह क्रिया अपनि छाति तांइ कीजिये छातिसों ऊपर मही कीजिये ॥ या क्रियाको नाम कम्रिका हे सो यहि सारणा च्यार प्रकारकी है ॥ उत्क्षिप्ता । १ । सन्नि-विष्टा । २ । उभयी । ३ । कंपिता । ४ । यह च्यार प्रकारकी जानिये ॥

अथ इन च्यारनको लछन लिख्यते ॥ जहां वीणाके तारकों दा-बिकें फेर आंगुली उठालिकें ओर स्वरकी तार दाबिये ॥ सो उत्क्षिप्ता सारणा जांनिये । १ । जहां वीणाके तारके हलवेंसी अंगुली लमाय ॥ ओर ठोर अं-गुरी चलाइये । सो सन्निविष्टा सारणा जांनिये । २ । जहां वीणाके तारकों दाबि आंगुली उठालिकें ओर जगो तारको हलवे आंगूली लगाइये ॥ सो उभयी सारणा जांनिये ॥ तारकों स्थानमें दाबिकें कंपायवेकी क्रिया जो आंगुरी-में कीजिये ॥ सो कम्रिकासारणा जांनिये ॥ इति **च्यार प्रकारको सार-णाको लछन संपूर्णम्** ॥

अथ दाहिनें हातकी नव व्यापार हें तिनको नाम लछन लिख्यते ॥ जहां बिचलि आंगुरी अंगुठा पासकी ॥ अंगुलीके ऊपर लगाइकें अंगुठा पासकी अंगुलीसों तार बजाइये सो घात जानिये । १ । अंगुठाके पासकी अकेलि अगुलीसों तार बजाइये सो पात जांनिये । २ । अंगुठाके पास आंगुलीकें अग्रसों भीतरि ओर तार बजाइये सो संलेख जांनिये । ३ । बिचली आंगुलीसों भीतरिसों तार बजाइये ॥ सो ऊलेख जांनिये । ४ । बिचली आंगुरीसों बारली ओर तार बजाइये सो अवलेख जांनिये । ५ । ओर मुनीश्वर जुदि तरहको संलेख अवलेख कहत हें । जहां च्यार आंगुरीसों तार बजाइये । सों संलेख हे । अरु तीन अंगुरीसों तार बजाइये सो उलेख हें । दोय आंगुरीसो तार बजा-इये । सों अवलेख हें । अथवा आंगुरीसों भीतरली तरफ तार [illegible]इये । सों

संलेख है । बारली ओर तार बजाइये । सों अवलेख है संलेख । उल्लेख ॥ अवलेख । एह भेद जानिये तारकों च्यारों आंगुलीसों क्रमसों सिताबि ताडन कीजिये सो भ्रमर जानिये । ६ । बीचलि आंगुलि चटी आंगुलिके पासकी इन दोऊनसों बारली । ओरको तार बजाइये । सों संधित जानिये । ७ । तारके पास अंगुठा पासकी आंगुली लगाइकें चढी आंगुरीके पासकी अंगुरीसों तार बारली ओर बजाइये । सों छिन्न जानिये । ८ । क्रमसों सिताबि च्यारों आंगुरीके नखसों तार बजाइये । सों नखकर्तरी जानिये । ९ ।

अथ बांये हातके दोय व्यापार लिख्यते ॥ जहां स्वरके कंपमें बांये हातकी आंगुरी तारसों लगायकें ॥ इत उत सरकाइये । सो स्फुरित जानिये ॥ १ ॥ जहां बार बार बांये हातकी आंगुरी तारसों घसिये सो खसित जानिये ॥ २ ॥

अथ मिले दोउ हातनके तरह व्यापार हैं तिनके नाम लछन लिख्यते ॥ दाहिनें हातके अंगुठा तारसों लगाय ओर दाहिनें हातके च्यार नखसों क्रमसों तार बजाइये बांये हातकी चढी । आंगुरीसों तार दाबिये । सो घोष जानिये । १ । दाहिनें हातकी चढी आंगुरीके पासकी आंगुरीको नख तारके नीचे लगाइ बांये हातकी बिचली आंगुरीसों उपरते तार बजाइये सो रेफ जानिये ।२। या क्रियामें रकार प्रगट । दाहिनें हातकी चटी आंगुरीके पासकी आंगुरीसों छुटो तार बजायकें बांये हातके अंगुठाके पासकी आंगुरीसों जो तार दाबिये । तब गकार होय । सो बिंदु जानिये ।३। जहां दोनु हातकी च्यारों आं-गुरीसों तार सिताबि क्रमसों बजाइये । सो कर्तरि जानिये । ४ । जहां दाहिनें हातकी च्यारों आंगुरीसों तार बजाइये ॥ ओर बांये हातकी आंगुरीसों दाबि-वेकी सारणासों तारको ताडन कीजिये । सो अर्धकर्तरी जानिये ।५। जहां बांये हातसों तार दाबि बांये हातकी आंगुरी सरकाइये । दाहिनें हातके ॥ अंगुष्ठाके पासकी आंगुरीसों तार बजाइये ॥ सो निष्कोट जानिये ।६। जहां बांये हातसों तार दाबिकें फेर बांये हातकी आंगुरी उठालिकें तारकों ओर जाय दाबिये बीचमें दाहिनें हातके च्यारों नखनसों क्रमसों तार बजाइये ॥ सो स्वलित जा-निये । ७ । जहां बांये हातके । अंगुठाके पासकी आंगुरीसों तार दाबिकें

दांहिणे हातके । अंगूठासों अरु अंगूठा पासकी आंगुरीसों तार बिचिकें उपरको खिचि छोडिये सो शुकवक्त्र जांनिये । ८ । जहां दाहिणे हातसों तारके बजायवेमें भ्रमण कीजिये ॥ अरु बांये हातसों स्वर कंपक्रिया कीजिये सो मूर्छना जांनिये । ९ । जहां उलटे दांहिनें हातसों तार बजायके बांये हातकी अंगुठा पासकी अंगुरी तारमें लगाइये । सो तलहस्त जांनिये । १० । जहां तार दाहिनें हातसों बजायकें । बांये हातके अंगुठा अर चटी अंगुलीसों तार पकड लीजिये ॥ सो अर्धचंद्र जांनिये । ११ । जहां दाहिनें हातकी च्यारों आंगुरी मिलायकें तार बजाइये । बांये हातकी चटी आंगुरी अंगुठा पासकी आंगुरी तारमें लगाइये ॥ सो प्रसार जांनिये । १२ । जहां दांहिनें हातके ॥ अंगुठाकी अंगुरी कछुक संकोच करिकें तार बजाइये । बांये हातकी चटी आंगुरी ओर अंगुठा तारसों लगाइये॥ सो कुहर जांनिये । १३ । इति दोन्यों हातनके तार बजायवेके तेरह व्यापार संपूर्णम् ॥

ये चोबिसों व्यापारको नांव वीणा हस्त कहे हें ॥ ऐसें हातसों वीणाको बजायवो ताको वादन कहे हें ॥ सों वादन दस प्रकारको जांनिये॥ जहां खसित ।१। स्फुरित । २ । ये दोऊ व्यापारतें मंद्र स्थानको तार स्थान ताईं बजाये सों छंद जांनिये । १ । जहां स्खलित । १ । मूर्छना । २ । कर्तरी । ३ । रेफ । ४ । उल्लेख । ५ । फर रेफ । ६ । ऐसें छह व्यापार होय । सों धारा जांनिये । २ । जहां शुकवक्त्र । १ । स्फुरित । २ । घोष । ३ । अर्ध कर्तरि । ४ । एसें च्यार व्यापार होय । सो कैकुटी जांनिये । ३ । जहां स्फुरित । १ । मूर्छना । २ । कर्तरी । ३ । नख कर्तरी । ४ । अर्ध कर्तरी । ५ । यह व्यापार होय सो कंकाल जांनिये । ४ । जहां कर्तरी । १ । खसित । २ । कुहर । ३ । यह तीन व्यापारसों तारस्थानके स्वर बजाइये सो वस्तु जांनिये ।५। जहां कर्तरी । १ । खसित । २ । कुहर । ३ । रेफ ।४। भ्रमर । ५ । घोष ।६। ये व्यापार होय । सो द्रुत जांनिये ।६। जहां मूर्छना बहुत होय स्फुरित । १ । कर्तरी । २ । खसित । ३ । घोष । ४ । ये च्यार व्यापार होय सो गजलील जांनिये । ७ । जहां स्खलित । १ । मूर्छना । २ । कर्तरी । ३ । रेफ । ४ । खसित । ५ । ये पांच व्यापार होय सों दंडक जांनिये । ८ । जहां तारके उपरले भागमें रेफ

होय । १ । तारके नीचले भागमें कर्तरी होय । २ । निस्कोटिक । ३ । तल हस्त । ४ । ये होय सों उपरों वाद्यक जांनिये । ९ । जांमें सिगरे चोवीस व्यापार कीजिये क्रमसों । सों पक्षिरुत जांनिये । १० । इति बजायवेके दस भेद संपूर्णम् ॥

या बाजेके दोय प्रकार हे । सकल । १ । निष्कल । २ । यह दोय जांनिये जो तारके दाहिणी तरफ तें लेके जिवाताई दाहिणे हातसों तार बजाइये । बांये हातकी अंगुठा पासकी आंगुरी विना । ओर अंगुरीसों स्वरनको प्रकास कीजिये । सो सकल जांनिये । १ । जहां निषादस्वरके स्थानतें बांये हातसों दाबिकें ॥ दाहिनें हातसों बजावत अवरोह क्रमसों निचे निचे स्वरनको प्रकास करि सो निष्कल जांनिये । २ । ऐसे अभ्यास कीयेतें बजायवो आवे ॥

अब गीतप्रबंध आदि वीणामें प्रगट करिवेकी रीत कहेहें ॥ बारह आंगुलकी बांसकी मुरली कीजिये ॥ तहां एक अंगुरको अग्रभाग छोडिकें एक एक आंगुलके आंतरे ॥ सात छेदन कीजिये ॥ अरु ऊपरले भागमें ॥ एक ओर छेद न्यारो बजायवेको कीजिये ॥ जब वा मुरलीकों बजाय क्रमसों सात छेदसों मुंदे तब जो सात स्वर होय ॥ उनके उनमानसों वीणामें पहली सप्तक जांनिये ॥ दूसरी सप्तक या मंद्र सप्तकसों दूणी जांनिये ॥ मध्य सप्तकसों दूणी तार सप्तक जांनिये ॥ इन सप्तकनमें विकृत सुद्ध स्वर मूर्छना तांन आदि भेद समझिके गीतादिक रचना रचिये ॥ इति एकतंत्री वीणाको लछन संपूर्णम् ॥

अथ नकुलि आदि वीणाको लछन.

नकुलि वीणा—या वीणामें दोय तार लगाइये सों नकुली होय ॥ १ ॥

चित्रा—या वीणामें सात तार लगाइयेते चित्रा होय ॥ २ ॥

विपंची—या वीणामें नव तार लगाये ते विपंची होय ॥ ३ ॥

मत्तकोकिला—(स्वरमंडल) या वीणामें इकवीस तार लगाये तें मत्तकोकिला होय ॥ ४ ॥

इह इकवीस तारनमें क्रमसों तीन सप्तक कीजिये । यह मत्तकोकिला सिगरि वीणामें उतम जांनिये ॥ याको नाम स्वरमंडल हें ॥

अथ इन वीणाके करण लिख्यते ॥

जामें दुरंग जुत अणु आदिक अछिरनकुं करवेको तोल होय सो करण जांनिये ॥ सो करण छह प्रकारको है ॥ जहां मत्तकोकिला ओर विपंची आदि वीणा ॥ या सब वीणा एक संग बजाइये तब रूपकरण होत हैं ॥ तहां मुख्य वीणामें गुरु आछिर बजाइये ॥ तो विपंची आदि वीणामें गुरु अछिरकी तोलसुं दोय लघु बजाइये ॥ जो मुख्य वीणाके एक लघु बजाइये ॥ तो विपंची आदिविणामें दोय द्रुत बजाइये ॥ ऐसें अछिरनकी तोल जामें होय ॥ सो रूपकरण जांनिये ॥ १ ॥

या रूपकरणकी रिति वीणा न्यारीन्यारी बजाईये ॥ जुदो जुदो अछिरनको तोल करवो सो कृतमतिकृत जानिये ॥ २ ॥

जहां रूपकरण विपरित ॥ कीजिये । सो मत्तकोकिलामें दोय लघु बजाइये ॥ विपंची आदिकमें गुरू बजाइये ॥ ऐसेंहि मत्तकोकिलामें ॥ दोय द्रुत विपंची आदिकमें एक लघु ॥ ऐसें विपरिति करि उच्चार कीजिये ॥ सो प्रतिभेद जांनिये ॥ ३ ॥

जहां विदारी कहिये गीतको प्रथम खंड ॥ आधो मत्तकोकिलामें बजाइये ॥ आधो विपंची आदि वीणामें वरतिये ॥ ऐसें एक गीत दोय जगा वरतिये ॥ सो रूपशेष जांनिये ॥ ४ ॥

जहां मत्तकोकिलादि मुख्य वीणामें विलंबीत लय कीजीये ॥ ओर विपंची आदि वीणामें ॥ द्रुत लय एक संग वरतिये ॥ ओर बडी वीणा छोटि वीणाको ताल भंग नही होय ॥ सो ओघ जांनिये ॥ ५ ॥

जहां अंस स्वरके ओर संवादि स्वरके बीचले स्वर बडी वीणा छोटि वीणाकी ॥ एक तारमें प्रगट कीजिये ॥ सो प्रतिशुष्क करण जांनिये ॥ ६ ॥ इति छह करण संपूर्णम् ॥

अथ वीणाके बजायवेकों पुष्टि करिवेके ताईं चोतिस धातुको नाम लिख्यते ॥ जे ताडनतें उपजे जे स्वर ते धातु जांनिये सो धातु च्यार

प्रकारको हैं ॥ विंस्तार । १ । करण । २ । अविद्ध । ३ । व्यंजन । ४ । ये च्यार जांनिये । तहां विस्तारके च्यार भेद हैं । विस्तारज । १ । संघातज ।२। समवायज । ३ । अनुबंध । ४ । तहां संघातज च्यार प्रकारको हैं । द्विरुत्तर । १ । द्वीरधर । २ । अधराद्युत्तरांतक । ३ । उत्तराद्यधरान्तक । ४ । समवायज आठ प्रकारको हैं । त्रिरुत्तर । १ । त्रिरधर । २ । द्विरुत्तराधरोधरान्त । ३ । उत्तरादिद्विरधर । ४ । अधरादिद्विरधर । ५ । मध्योत्तरद्विरधर । ६ । मध्याधर । ७ । द्विरुत्तर । ८ । तारमें तीन वेर ताडन कीयेतें ॥ जो स्वर होय ॥ सो समवायज धातु हैं । ताके यह भेद जांनिये ॥ जहां एक जातिके न्यारि जातिके स्वर बंध भेद मिले सों अनुबंध धातु जांनिये ॥ ऐसें चोदहें प्रकारको विस्तारज धातु जांनिये । करण धातुकें ॥ ५ ॥ पांच भेदहें । रचित । १ । उच्चय । २ । नीरटनर । ३ । उरद्वाम्द । ४ । अनुबंध । ५ । यह जांनिये ॥ आविद्धधातुके । ५ । पांच भेदहें, क्षेप । १ । प्लुत । २ । तिपात ।३। अतिकीर्ण । ४ । अनुबंधक । ५ । यह भेद जांनिये ॥ अथ व्यंजन धातुके दस भेद हैं ॥ पुष्प । १ । कल । २ । तल । ३ । बिंदु । ४ । रेफ । ५ । अनिस्वनित । ६ । निष्कोटि । ७ । उन्मृष्ट । ८ । अवमृष्ट । ९ । अनिबंध ।१०। ये दस भेद जांनिये ॥ ऐसें चोविस धातु जांनिये ॥ २४ ॥

अथ इन धातुनको लछन लिख्यते ॥ जहां ध्वनिकों विस्तार करिकें मंद्रस्थानमें भेद दिखायवो जो एकवार ताडनकी जलदी जो जुदेजुदे स्वर सुनिवेवारेको एकसें जानें परें सों विस्तारज धातु जांनिये ॥ सो या विस्तारज धातुमें स्वरको एक ताडन जांनिये ॥

अथ संधातक धातुको लछन ताके भेद कहे हैं ॥ जहां तारकु दोय वेर ताडन कीये सों स्वरसंधान जांनिये ॥१॥ जहां मंद्रस्थानके स्वरकों दोय बार उच्चार कीजिये सो धातु द्विरुत्तर जांनिये ॥ २ ॥ जहां तारस्थानके स्वरकों दोय वार उच्चार होय ॥ अरु दोय बार ताडन होय ॥ सो द्विरधर जांनिये ॥३॥ जहां तार स्वर प्रथम दोय बार उच्चार कीजिये । सो अधराद्युत्तरान्तक जांनिये ॥ ४ ॥ जहां पहले मंद्रस्थानको दोय वेर लीजिये ॥ अंतमें तार स्थानको स्वर दोय वेर लीजिये । सो उत्तराद्यधरान्त जांनिये ॥५॥ इति संधात्त भेद संपूर्णम् ॥

अथ समवायज धातुको लछन लिख्यते ॥ जहां स्वरमें तीन बार तारको ताडन कीजिये ॥ अथवा तीन वेर मुखसों उच्चार कीजिये सो समवायज धातु जांनिये ॥ ताके आठ भेद हें ॥ जहां स्वरनमें मंद्रस्थानके स्वर तीन वेर ताडन कीजिये । वा उच्चारन कीजिये सो त्रिरुत्तर धातु जांनिये ॥ १ ॥ जहां तीन वेर स्वरकों ताडन कीजिये । वा उच्चार कीजिये सो त्रिरधर जांनिये ॥ २ ॥ जहां मंद्रस्थानको स्वर दोय वेर उच्चार कीजिये ॥ वा ताडन कीजिये । तार स्वर दोय वेर अंतमें कीजिये ॥ सो द्विरुत्तराधरान्त जांनिये ॥ ३ ॥ जहां तारस्थानको स्वर दोय वेर ताडन उच्चार करि मंद्र स्वरकों उच्चार कीजिये । सो द्विरधरोत्तरान्त जांनिये ॥ ४ ॥ जहां तार स्वरकों एक वेर ताडन करि वा उच्चार करि दोय वेर मंद्र स्वरकों उच्चार कीजिये । सो उत्तरादिद्विरधर जांनिये ॥ ५ ॥ जहां मंद्र स्वरकों एक वेर ताडन वा उच्चार करि तार स्वरकों दोय वेरि उच्चार कीजिये सो अधरादि द्विरुत्तर जांनिये ॥ ६ ॥ जहां तार स्वरकों ताडन वा उच्चार दोय वेर करि बिचमें मंद्रस्थानके स्वरकों एक वेर ताडन वा उच्चारन कीजिये ॥ सो मध्योत्तरद्विरधर जांनिये ॥ ७ ॥ जहां मंद्रस्थानके स्वरकों एक वेर ताडन उच्चार करि तार स्थानको उच्चार कीजिये ॥ अंतमें मंद्रस्थानके फेर उच्चार कीजिये । सो अधरमध्यद्विरुत्तर जांनिये ॥ ८ ॥ **इति समवायज धातुके आठ भेद संपूर्णम् ॥**

अथ अनुबंध धातुको लछन लिख्यते ॥ जहां स्वरको इन धातु तिनोंनके लछन सों मिल्यो ताडन वा उच्चार कीजिये ॥ ऐसें अपनि जातिके स्वर । अपनि जातिनके स्वरनको मिलाप होय सो अनुबंध जांनिये ॥ १ ॥ **इति विस्तार धातुके चोदह भेद संपूर्णम् ॥**

अथ कर्ण धातुको लछन लिख्यते ॥ जहां गुरु अक्षर थोरे होय ॥ लघु अक्षर घणो होय सो कर्ण धातु जांनिये ॥ सो या कर्णके पांच भेद हें ॥ जहां दोय लघु अंतमें ॥ एक गुरु वीणामें वजाइये । सो रिभित धातु जांनिये ॥ १ ॥ इहां च्यार लघु एक गुरु जांनिये सो उच्चय धातु जांनिये ॥ २ ॥ जहां छह लघु एक गुरु बजाइये । सो निरटित जांनिये ॥ ३ ॥ जहां आठ लघु एक गुरु होय सो ह्राद जांनिये ॥ ४ ॥ जहां करण धातुके यह च्यार भेद हें ॥

तामें दोय तीन च्यार भेद मिले सो करणको अनुबंध जांनिये ॥ ५ ॥ इति करण धातु भेद संपूर्णम् ॥

अथ आविद्ध धातुको लछन लिख्यते ॥ जहां गुरु अक्षर घणो होय लघु थोरो होय । सो आविद्ध धातु जांनिये ॥ अथवा गुरु अक्षर नही होय सो आविद्ध धातु जांनिये ॥ याके पांच भेद कहे हैं । जहां एक लघु दोय गुरु बजाइये सो क्षेप जांनिये । १ । जहां एक लघु, गुरु, लघु, बजाइये । सो प्लुत जांनिये । २ । जहां दोय लघु दोय गुरु होय सो अतिपात जांनिये । ३ । जहां च्यार लघु, च्यार गुरु होय सो अतिकीर्ण जांनिये । ४ । जहां आविद्धके यह च्यारनमें दोय वा तीन वा च्यार भेद मिलें । सो आविद्ध धातुको भेद । अनुबंध जांनिये ।५। अथवा दोय लघुको भेद ताको जो क्षेप । १ । तीन लघुको प्लुत । २ । च्यार लघुको अतिपात । ३ । नव लघुको अतिकीर्ण । ४ । ऐसें च्यारों भेद कोऊ आचार्य कहहैं ॥ इति आविद्ध धातुके भेद संपूर्णम ॥

अथ व्यंजन धातुको भेद लिख्यते ॥ अंगुठा आंगुरीसों स्वरको बजायवो । सो व्यंजन धातु जांनिये ॥

अथ व्यंजन धातुको भेद लिख्यते ॥ जहां एक तारमें दोय वेर अंगुठासों ॥ एक वेर चटी आंगुरीसों स्वर बजाइये ॥ सो पुष्प जांनिये । १ । जहां दोय तारमें एक वेर दोनु हातके अंगुठासों न्यारे न्यारे स्वर बजाइये सो कल जांनिये । २ । जहां बांये हातके अंगुठासों तार दाबिके दाहिनें हातके अंगुठासों बजाइये । सो तल जांनिये । ३ । जहां एक तारमें गाढो ताडन करें सों भारी नाद होय सो बिंदु जांनिये । ४ । जहां क्रमसों च्यारों आंगुरीसों एक स्वर एक तारमें बजाइये सो रेफ जांनिये ।५। जहां बांये हातके अंगुठासों तार दाबिकें दाहिणें हातसों अंगुठासों निचलों स्वर बजाइये सो निस्वनित जांनिये। ६ । जहां बांये हातके अंगुठानें तार दाबिकें निचले भाग दाबी तारकों ताडन कीजिये ॥ सो निष्कोटित जांनिये ।७। जहां मधुर धुनि जुत स्वर । अंगुठाके पास की आंगुरीसों बजाइये । सो उनमृष्ट जांनिये ।८। जहां दोनु हातनकी चटी आंगुरीसों दोनु हातके अंगुठासों अवरोह क्रमसों तीन्यो तारमें । तीनो स्थानकको एक स्वर बजाइये । सो अवमृष्ट जांनिये । ९ । जहां व्यंजनके नव भेद हैं ।

तिनमें दोय तीन च्यार पांच ऐसें भेदसों लेकें नव भेद तांइ मिलें सो अनुबंध जांनिये ॥ ऐसेंहि जाहां आंनु धातुके दोय तीन भेद मिलें सोहू अनुबंध जांनिये । १० । ये च्योतिस धातु च्यारों प्रकारके बाजेनमें कीजिये ॥ अपनें अपनें वृत्तीमें अपनें स्थान रचिये ॥ **इति चोतीस धातु भेद संपूर्णम् ॥**

अथ चोतीस धातु वृत्तिमें बरतियेसो वृत्तिको लछन लिख्यते ॥ जहां वाद्य । १ । गीत । २ । इन दोनूनमें कोउ मुख जांनि परे कोऊ साधारण जांनिपरें । क्रियाकी चतुराइसों न्यून अधिक जांनि परे सो वृत्ति जांनिये। सो वृत्तिके तीन भेद हें । चित्रा । १ । वृत्ति । २। दक्षिणा । ३ । ये जांनिये। जहां बाजो मुख जांनि परें सो साधारण जांनिपरें । सो चित्रा वृत्ति जांनिये ।१। जहां गीत । १ । वाद्य । २ । बराबर होय सो वृत्ति नामको दूसरो भेद वृत्तिवृत्त जांनिये । २ । जहां गीत मुख्य होय । वाद्य साधारण होय सो दक्षिणावृत्ति जांनिये । ३ । कोनु मुनीश्वर वृत्तिनमें । क्रमसों द्रुत । १ । लघु चित्रामें मध्य लय वृत्तमें । २ । विलंबित लय ।३। दक्षिणामें ऐसें समा जांनिये ॥ चित्रामें । १ । स्रोतागता निवृत्तमें ।२। गोपूछा यति दक्षिणामें । ३ । ऐसें इन तीनों वृत्तिनमें । मागधी । १ । संभाविता । २ । पृथुला । ३ । ये गीत ऐसों तत्व अनुगत ओघ । वार्तिक । १ । चित्र मार्ग । २ । दक्षिणा मार्ग । ३ । ये तीम मार्ग । अनागत ग्रह । १ । समग्रह । २ । अतीत ग्रह । ३ । ये रिति तिनों वृत्तिमें क्रमसों कहत हें ॥ **इति वृत्ति लछन संपूर्णम ॥**

अब वृत्तिनमें तत्व ओर बाजोंको प्रकार कह्योहें । ताके तीन भेदहें सो लिख्यते ॥ जहां गीतके संग बजाईये सो बाजो तीन प्रकारको हें । तत्व । १ । अनुगत । २ । ओघ । ३ । ये जांनिये जहां द्रुत आदि लघु । १ । चंचित पुट । २ । आदि तालकी समाप्त । ३ । समाकी इक जाति । ४ । मागधी आदि गीति । ५ । एक कल आदि द्विकल चतुस्कल तालके भेद । ६ । इन गीतकी सामग्री जा बाजेमें प्रगट दिखावत गीतमें । मिलाप बजाइये सो तत्व बाजो जांनिये । १ । जहां बाजेमें कछुइक गीतकी सामग्री प्रगट करिये कछु नहीं कीजिये ॥ जेसें तालको विराम गीत वाद्यमें बराबर होय ॥ विश्राम न्यारो होय ॥ जेसें गीतमें विलंबीत लय होय वाद्यमें द्रुतलय होयसो ताल भर दीजिये ।

ऐसें गीतके पीछे वाद्य चले सो अनुगत वाद्य जांनिये। २। जहां गीतकी सामग्री नही दिखावें आपनी चतुराइसों गीतके तालसों निर्वाह करिसों सुनिवे वारो न्यारो बाजो नहीं जाने सों ओघ वाद्य जांनिये। ३। जो इकइस तारको वीणामें विस्तारसों धातुको बजाइ वासों एक तंत्रि वीणामें धातुको संक्षेपसों बजाइये ॥ ऐसें दोय तंत्री तीन तंत्री पांच तंत्री ॥ सात तंत्री नव तंत्री। वीणामें तारकें माफिक बजाइये ॥ ऐसेंहि वंशि बजायवेंमें। वा अलगे सहनाइ। आदि मुखकें बजायवे बाजेनमें जांनिये ॥ सो गीतानुग वाद्य जांनिये ॥

अथ गीतविना वीणा बजायवेके दस भेदहें तिनके नाम शुष्क वाद्य हे तिनके लछन लिख्यते ॥ आस्रवण ॥ १ ॥ आरंभविधि ॥ २ ॥ चक्रपाणि ॥ ३ ॥ संखोटना ॥ ४ ॥ परिघट्टना ॥ ५ ॥ मार्गासारित ॥ ६ ॥ लीलाकृत ॥ ७ ॥ एक कल आसारित ॥ ८ ॥ द्विकल आसारित ॥ ९ ॥ त्रिकल आसारित ॥ १० ॥ यह दस भेद जांनिये ॥ तहां विस्तार धातुके चोदह भेद हें ॥ तिनमें दोय दोय भेदको प्रयोग सात वेर कीजिये ॥ प्रथम दुसरो ॥ १ ॥ तीसरो चोथो ॥ २ ॥ पांचवों छटो ॥ ३ ॥ सातवों आठवों ॥ ४ ॥ नवमों दसमों ॥ ५ ॥ ग्यारमो बारमों ॥ ६ ॥ तेरमों चोदमों ॥ ७ ॥ ऐसें कीजिये। सो शुष्कवाद्य आस्रवण जांनिये ॥ १ ॥ अब देवनातें, वरदान पायवेके अरथ अपनें स्वामितें सकल मनोरथ पायवेके अरथ आस्तवीणा सुस्क वाद्यमें कहेहें ॥

अथवा नाम तीन खंडकी रचना करिवेको प्रकार ब्रह्म कुल मंडन मुनीश्वर श्रीविशाखिलके मतमों कहेहें सो लिख्यते ॥ जहां विस्तार धातुके भेद स्वरको गुरु लघु अक्षरनमें प्रयोग कीजिये द्रुत आदिक, लयनसों ध्रुवा हें ॥ तहां पहले खंडमें पहलो ॥ १ ॥ दुसरो ॥ २ ॥ ग्यारमों ॥ ११ ॥ चोदमों ॥ १४ ॥ पंदरमों ॥ १५ ॥ चोविसवों ॥ २४ ॥ य अक्षिर गुरु होय ॥ ओर अठारह लघु होय ॥ ऐसें चोइस अक्षिरको प्रथम खंड रचिये। ऐसेंहि चोइस अक्षिरको दुसरो खंड रचिये। तीसरे खंडकी रचनामें तीसरो ॥ ३ ॥ आठवों ॥ ८ ॥ पंदरमों ॥ १५ ॥ य तीन अक्षर गुरु होय ॥ बारह । १२। लघु होय ॥ ऐसें पंधर अक्षिरनको तीसरो खंड रचिये ॥ १ ॥ ऐसें तीन खंडकी ध्रुवा जांनिये यह वीणामें गावे सुनें सों मन चाही सिद्धि पावे ॥

अब वीणाकी पातकला विधिको लछन कहे हें ॥ तहां कोनु ध्रुवामें बाइस कला कहे हें ॥ कोनु ध्रुवामें अठाइस ॥ २८ ॥ कला कहे हें कोऊ ध्रुवामें बत्तीस कला कहे हें इन तीन भेदमें तालको प्रकार कहे हें ॥ जहां बाइस कला होय तहां ताल पातविधि कहे हें। जो पहले विना ताल गीतको आरंभ करि पहली ॥ १ ॥ दुसरी ॥ २ ॥ तीसरी ॥ ३ ॥ कलामें संगात कहिये । सब्दविना तालकी क्रिया कीजिये । चोथी ॥ ४ ॥ पांचमी ॥ ५ ॥ छटमी ॥ ६ ॥ कलामें सब्द सहित तालकी क्रिया कीजिये । ओर तालकी बराबर गीतको उच्चार करि। सातई ॥७॥ आठई ॥८॥ कलामें विना शब्दकी तालकी क्रिया कीजिये । नवमी ॥ ९ ॥ दसमी ॥ १० ॥ कलामें सहित तालकी क्रिया कीजिये । ओर ग्यारह ॥ ११ ॥ कलामें क्रियाउपरांति गीतको आरंभ करि सब्दविना तालकी क्रिया कीजिये । बारह ॥ १२ ॥ कलामें सब्द सहित तालकी क्रिया कीजिये । बारह ॥ १२ ॥ कलाको प्रथम खंड कीजिये ॥ १ ॥ दुसरो खंडमें छह ॥ ६ ॥ कला कीजिये सो छहतालो जो षट्पितापुत्र ताल ॥ ताके एक एक तालमें एक एक कला कीजिये ॥ ऐसें छहों तालानमें एक षट्पितापुत्रताल पूरन होय ॥ ताके नि ॥ १ ॥ स ॥ २ ॥ ता ॥ ३ ॥ स ॥ ४ ॥ नि ॥ ५ ॥ स ॥ ६ ॥ सो दुसरो खंड जांनिये ॥ २ ॥ तीसरे खंडमें च्यार कला कीजिये । तिनमें चोतालोको चंचतपुट ताल ताके एक एक तालमें एक एक कला कीजिये ॥ ऐसें च्यार कलामें एक चंचतपुट पूरन होय ॥ या चंचतपुटमें च्यार ताल हें तिनके । स ॥ १ ॥ ता ॥ २ ॥ स ॥ ३ ॥ ता ॥ ४ ॥ याके ये अक्षिर रहें ॥ सो तिसरो खंड जांनिये ॥ १ ॥ ऐसें बाइस कलाकी ध्रुवाको विचार जांनिये ॥ अब अठाविस ॥ २८ ॥ कलाकी तालको ध्रुवाको विचार कहे हें ॥ जहां पहलो खंड बारह कलाको कीजिये ॥ तामें तीन कला विना सब्दकी तालकी क्रियासों होय ॥ तीन कला सब्दजुत क्रियासों होय ॥ ओर दोय कला विना सब्दकी क्रियासों होय ॥ दोय कला सब्दजुत क्रियासों होय । एक कला सब्द विना क्रिया सों होय ॥ अर एक कला सब्दजुत क्रिया सों होय सो ॥ ऐसें बारह कलाको प्रथम खंड होय । १ । दूजे खंडमें बारह कला होय ॥ सो द्विकलक षट्पितापुत्रके बारह तालनमें कीजिये । इन बारह कलानमें

दूनो षट्पितापुत्र ताल पुरो होय ताके । अक्षर । नी । १ । म । २ । ता । ३ । स । ४ । नि । ५ । गा । ६ । नि । ७ । स । ८ । ता । ९ । म । १० । नि । ११ । स । १२ । यह बारह जांनिये ॥ ऐसें बारह कलाको दूसरो खंड जांनिये । २ । तीसरे खंडमें च्यार कला होय ॥ सो एक कला चौतालो चंचतपुटके चार तालमें कीजिये ॥ इन च्यार कलामें चोतालो चंचतपुट पूरन होय ॥ ताके अक्षर । स । १ । ता । २ । स । ३ । ता । ४ । यह जांनिये ॥ ऐसें च्यार कलाको तीसरो खंड कहीये । ३ । ऐसें अठाविस ध्रुविकाको । २८ । विचार जांनिये ॥ अबे बत्तीस कलाकी ॥ ध्रुविकाको विचार कहेहें ॥ तहां पहले खंडकी दूसरे खंडकी बारह बारह कला कीजिये ॥ सो दोउ खंड अठाइस । २८ । कलांमे पहले दुसरे खंड कहते सों जांनिये । २ । तीसरे खंडमें आठ कला होय ॥ सो द्विकल चंचतपुटके ॥ आठ तालनमें कीजिये । नि । १ । म । २ । नि । ३ । ता । ४ । स । ५ । म । ६ । नि । ७ । प । ८ । ऐसें आठ ताल द्विकल चंचतपुट पूरो होय ॥ ताके अक्षर जांनिये ॥ ऐसें तीसरो खंड जांनिये ॥ ऐसें बत्तीस कलाकी ध्रुविकाको विचार जांनिये ॥

अथ ध्रुविकाकी विदारि कहे हें ॥ विदारि कहतें गीतको प्रथम खंड ताको लछन लिख्यते ॥ जहां विदारिक न्यारि होय ॥ तहां बाइस कलामें । सातकला नई इनहीसों रचिये ॥ तहां पहले खंडकी बारह कलामें ॥ पहली तीन कलाकी एक कला कीजिये ॥ ताउपरांत तीन कलाकी एक कला दूसरी कीजिये ॥ फेर दोय कलाकी एक कला तीसरी कीजिये । फेर दोय कलाकी एक कला चोथी कीजिये ॥ फेर दोय कलाकी एक, कला पांचमी कीजिये ॥ फेर दूसरे खंडकी छटवी कला हे ॥ ताकी एक कला छटि कीजिये ॥ फेर तीसरे खंडकी च्यार कला हे ॥ तिनकी एक कला सातवी कीजिये ॥ ऐसें सात कलाकी एक विदारि होत हे ॥ सो गीतको प्रथम खंड हे ॥ याको लौकीकमें पीडाबंधन कहेहें ॥ सो याके तीन प्रकार हे ॥ इहां दोय खंडकी जो अठारह कला हे । तिनमें द्विकल चंचतपुटसों आठ कलाकी एक कला पहली कीजिये । सो फेर द्विकल चंचतपुटसों आठ कलाकी एक कला दूसरी कीजिये ।

बाकीकी दोय कला विना सब्दकी क्रिया। सों लीजिये सो तीसरी कला कीजिये॥ ओर तीसरी खंडकी चंचतपुट जुत च्यार कलानकी एक कला चोथो कीजिये ॥ सो च्यार कलाकी विदारि जांनिये । १ । अबे दूसरो बिदारिको भेद कहेहें ॥ जो तीनों खंडकी बाइस कलाहे तिनमें । द्विकल चंचतपुटसुं आठ कलाकी एक कला पहली कीजिये । फेर द्विकल चंचतपुटसों आठ कलाकी एक कला दूसरी कीजिये । बाकीकी छह कला षट्पितापुत्र तालसों लेकें उनकी एक कला तीसरी कीजियें ॥ सो यह तीन कलाकि विदारि जांनिये ॥ अबे तीसरी विदारिको भेद कहेहें ॥ तीसरे भेदमें पहले खंडकी बारह कलातें तीन कला विना सब्दकी क्रियासों ओर तीन कला तालसों अरु दोय कला विना सब्दकी क्रियासों ॥ ओर दोय कला सब्दकी ओर एक कला विना सब्दकी क्रियासों एक कला शब्दकी क्रियासों । इन बारह कलाकी ॥ एक कला पहली कीजिये ओर दूजे खंडकी छह कला षट्पितापुत्र तालसों लेके उनकी एक कला दूसरी कीजिये ॥ ओर तीसरे खंडकी च्यार कला एक कला चंचतपुटसों लेके उनहीकी एक कला दूसरी कीजिये ॥ ओर तीसरे खंडकी च्यार कला चंचतपुटसों लेके उनहीकी एक कला तीसरी कीजिये ॥ ऐसों तीन खंडकी तीन कला कीजिये ॥ सो तीसरी विदारिको भेद जांनिये । ३ । ऐसी भांत विदारिजुत तीन खंडकी ध्रुवा जहां कीजिये ॥ सो शुष्क वाद्य आस्त वीणा जांनिये ॥ **इति आस्त वीणा भेद संपूर्णम् ॥**

अथ आरंभविधि शुष्क वाद्यको भेद लिख्यते ॥ जहां विस्तारज धातुके चोदह भेद । आरोह अवरोहसों वरतिये। एक एक भेदकों आरोह अवरोह करिके बीचमें । तल धातु । १ । रिभित धातु । २ । न्हाद धातु ।३। ये तीन धातु वरतिये ॥ ऐसें क्रमसों चोदह भेद कीजिये । पीछे करण धातुके भेद रिभिस्तको दोय तीनवार वरतीये ॥ फेर ऐसें विस्तार धातुको प्रयोग कीजिये ॥ यह रीतिसों या उपरांत करण धातुके बाकी दूसरे भेदेसों ॥ जे भेद या रीतीसों वरतिये ॥ सो आरंभ विधि जांनिये ॥

आरंभविधिकी ध्रुवा कहेहें ॥ जामें पहले आठ । ८ । गुरु अक्षर होय॥ बारह । १२ । लघु होय । पांच । ५ । गुरु होय । ऐसें पचीस अक्षरकी आदि

खंड कीजिये। १। जहां आठ । ८ । लघु एक । १ । गुरु होय च्यार । ४ । लघु । १ । एक गुरु फेर । ४ । च्यार लघु ॥ एक ।१। गुरु होय ॥ ऐसें उगनीस अछरनको दूजो खंड कीजिये । २ । जहां आठ लघु होय एक गुरु होय । अंतमें ऐसें नव अछिरनको तीसरो खंड कीजिये । ३ । ऐसें तीन खंडकी ध्रुवा जांनिये ॥ तांहां पहले खंडमें इकइसके अछिरपें विश्राम कीजिये । दूसरे खंडमें चोदह अछिरपें विश्राम कीजिये । २ । तीसेर खंडकी पीछले गुरुपें विश्राम कीजिये ॥ ३ ॥ यहां पहले खंडमें बारह कला । १ । दूसरे खंडमें छह कला । २ । तीसेर खंडमें च्यारह कला । ३ । ये जांनिये ॥

अब इन खंडनको ताल विचार कहेंहें ॥ तहां पहले खंडमें पहली तीन कला सब्दसहित क्रियाजुत कीजिये ॥ अरु एक कला विना सब्दकी क्रियासों कीजिये ॥ फेर दोय कला सब्दसहित क्रियासों कीजिये ॥ फेर दोय कला सब्दविना क्रियासों कीजिये ॥ फेर दोय कला सब्दसहित क्रियासों कीजिये ॥ फेर दोय कला सब्दविनाक्रियासों कीजिये ॥ ऐसें बारह कला प्रथम खंडसें जांनिये । १ । दूसरे खंडकी छहकलासों षट् तालो जो षट्पितापुत्र ताल ताके एक एक ताल लीजिये । ऐसें एक ताल षट्पितापुत्र छह कलामें पूरन कीजिये ॥ ऐसें दूसरो खंड जांनिये । २ । तीसेर खंडमें च्यार कला हे । सो चोताले चंचतपुटके । एक एक तालसों एक एक कला लीजिये ॥ ऐसें च्यार कलामें एक चंचतपुट ताल पूरन कीजिये ॥ ऐसें तीसरो खंड जांनिये । ३ । इहां षट्पितापुत्रको चंचतपुटके अक्षर जांनिये ॥ इति शुष्कबाजेमें आरंभविधि ध्रुवालछन संपूर्णम् ॥

अथ वक्त्रपाणि शुष्कवाद्यको लछन लिख्यते ॥ जहां वीणा बजायवेमें करणधातु आविद्ध धातुके भेद तो बहुत वरतिये । अरु व्यंजनधातुके भेद थोरे होय ओर विस्तारधातुके भेद जहां नहि लीजिये ॥ सो वक्त्रपाणि जांनिये ॥ या वक्त्रपाणि मुख प्रतिमुख । २ । ये दोनु तालके अंग कीजिये ॥ अथवा प्रवृत । १ । एक वर्णांक । २ । कीजिये ॥ अब ध्रुवा कहतहें ॥ जहां पहली पांच गुरु होय ॥ फेर छह लघु होय ॥ फेर छह गुरु होय ॥ ओर दोय लघु होय ॥ ओर गुरु च्यार होय ॥ ओर लघु तीन होय ॥ ओर गुरु आठ होय । यह लघुके अंतमें होय ॥

इनकी चोइस कला कीजिये । वक्त्रपाणिकी ध्रुवा जांनिये ॥ जो इहां चोइस कला कीजिये । तहां पहली आठ कलामें द्विकलचंचतपुट तालके आठ ताल कीजिये ॥ आठ तालनसों आठ कला कीजिये ॥ यह तालको प्रथम अंग मुख्य जांनिये ॥ १ ॥ ऐसेंहु दुजी आठ कलामें कीजिये ॥ ऐसेंही तीसरी आठ कलामें कीजिये ॥ द्विकल चंचतपुटकी तीन वेर आवृत्ति करि । वाके तिनु खंडकी चोइस कला कीजिये ॥ अबे प्रतिमुख कहे हें ॥ इहां पहली षट्कलामें षट्पितापुत्र ताल कीजिये ॥ ओर दूसरी छह कलामें चोथी छह कलामें षट्-पितापुत्र ताल कीजिये ॥ ऐसें च्यार वेर षट्पितापुत्र तालकी आवृत करे । ताके चोइस तालनकों चारों खंडकी चोइस कला कीजिये । यह प्रतिमुख नाम तालको दूसरो अंग हें ॥ ओर याकी जब विदारि कीजिये । तब द्विकल चंचत-पुटके । आठ तालनसों आठ कला लेके । एक मात्रा कीजिये । ऐसी तीन मा-त्रासों चोइस कलाकी एक विदारि जांनिये ॥ इति **वक्त्रपाणि संपूर्णम** ॥

अथ संखोटनाको लछन लिख्यते ॥ जहां अंगूठासों तार दाबिके ॥ अंगूठा पासकी आंगूरीसों तारको ताडन करि ॥ बिंदु गमकजुत वादि संवादि स्वर मिलाइकें । अनुवादि स्वर दिखायकें । थोरेसे विवादि स्वर बजाइये ॥ फेर उनही स्वरनमें विस्तार धातुके भेद ॥ ओर धातुनके भेदसों मिले बजाय ॥ ऐसें दोय तीन वेर ॥ फेर फेर जुदे जुदे धातोकों दोय वेर बजावे ॥ ओर धातु हू रचे सो संखोटना जांनिये ॥ अबें ध्रुवा कहे हें ॥ प्रथम दोय गुरु होय ॥ आठ लघु होय ॥ एक गुरु होय ॥ ऐसें सताइस अछिरनकी ध्रुवा होय सों संखोटना-की ध्रुवा जांनिये ॥ इहां अठारह कला कीजिये ॥ तहां पहलो खंड छह कला-को कीजिये ॥ तहां षट्पितापुत्रके छह तालसों छह कला कीजिये । ऐसें एक षट्पितापुत्रमें पहलो खंड जांनिये ॥ १ ॥ दूसरे खंडकी बारह । १२ । कला हें ॥ तिनमें द्विकल षट्पितापुत्रके बारह ताल कीजिये ॥ ऐसें दूसरे खंडमें एक द्विकल षट्पितापुत्र जांनिये । २ । ऐसें अठारह । १८ । कलाके दोय खंड जांनिये ॥ अथवा अठारह कलाको तीन खंड रचिये ॥ एक एक खंडमें छह कला कीजिये । उन छह कलामें एक कला षट्पितापुत्र जांनिये ॥ इति **शुष्क वाद्य संखोटना संपूर्णम्** ॥

अथ शुष्क वाद्य परिघट्टनाको लछन लिख्यते ॥ जहां व्यंजन धातुके दस भेदसों मिलकर करणधातुके पांच भेदसों मिलेहातकी चतुराइसों सुंदरतासों बजावे ॥ तामें आरोह बहुत होय । अवरोह थोरो होय ॥ सो परिघट्टनां जांनिये ॥ अब ध्रुवा कहे हें ॥ जहां आठ प्रथम गुरुअक्षर होय ॥ चोइस लघु होय ॥ दोय गुरु होय ॥ सोलह लघु होय । एक गुरु होय ॥ सो ध्रुवा परिघट्टना जांनिये । यह इक्कावन अछिरनकी हें ॥ इहां ध्रुवाकी अठाइस कला कीजिये ॥ तहां पहले खंडकी दस कला होय । सो पांच तालको संपक्केष्टाक ताल दोय वेर लेकें । वांके दस तालनसों । पहले खंडकी दस कला लीजिये ॥ ओर दूसरे खंडकी बारह कला कीजिये सो द्विकल संपक्केष्टाके बारह तालसों दूसरे खंडकी बारह कला कीजिये ॥ ऐसें दोय खंडकी ध्रुवा कीजिये ॥ अथवा या ध्रुवाकी अठारह ॥ १८ ॥ कला कीजिये तहां पहले खंडकी छह कला एक कला संपक्केष्टाके तालके छह तालसों लीजिये ॥ ऐसें पहलो खंड जांनिये ॥ दूसरे खंडमें बारह कलासों द्विकल संपक्केष्टाके तालके बारह कलासों लीजिये ॥ ऐसें दोय खंड कीजिये ॥ **इति परिघट्टना लछन संपूर्णम्** ॥

अथ मार्ग सारिताको लछन लिख्यते ॥ तहां विस्तार । १ । करण । २ । आविद्ध । ३ । इन धातुनके भेद कल धातु । १ । तल धातु । २ । सों मिलायकें क्रमसों वरतिये ॥ अथवा करण धातुके पांच भेद कल । १ । तल । २ । धातुसों मिलायकें क्रमसों वरतिये ॥ सो मार्ग सारिता जांनिये ॥ अथ यांकि ध्रुवा कहेहें । जामें पहले च्यार गुरु होय ॥ फेर आठ लघु होय ॥ फेर दोय गुरु होय ॥ फेर आठ लघु होय ॥ एक अंतमें गुरु होय ॥ सो तेइस अक्षिरको खंड होय ॥ सो प्रथम ॥ खंड जांनिये ॥ ऐसे दूसरो तीसरो खंड कीजिये ॥ ऐसें तीन खंडकी ध्रुवा होत है अब याको ताल विचार कहे हें ॥ जहां तीनों खंडमें सोलह सोलह कला कीजिये ॥ तहां पहली च्यार कला चंचतपुटके च्यार तालसों लीजिये ॥ फेर छह कला षट्पितापुत्रके छह तालसों लीजिये ॥ ऐसें अठारह कला प्रथम खंडकी । जांनिये ॥ याहि रितिसों दूसरे तीसरे खंडकी कला अठारह । १८ । रचिये ॥ **इति मार्ग सारिता शुष्क वाद्य संपूर्णम्** ॥

अथ लीलाकृतको लछन लिख्यते ॥ जहां षड्ज ग्रामकी षाड्जी जातिके अंस स्वरमें । वार्तिक । १ । मार्गसों । २ । जो अभि सृत नामको गीत कहाहें सों ओर मध्यम ग्रामकी मध्यमा जातिके अंस स्वरनमें वार्तिक मार्गसों ॥ परिसृत मामको जो गीत कह्यो सो ओर तालाध्यायमें मार्ग लयसों दूनें लयमें कह्यो जो लयांतर नामको गीतसों । यह तीन गीत वीणामें सुंदरता सों वरतिये ॥ अनु रंजनके अरथ सो लीलाकृत शुष्क वाद्यको लछन जांनिये ॥ याके ध्रुवा होय हे ॥ अर्थजुत पदनकी । १ । विना अरथ पदनकी । २ । इहां वीणामें लिलाकृतकी ध्रुवा तालसों बजाईये । ७ ।

अथ तीन आसारित शुष्क वाद्यको लछन लिख्यते ॥ तहां चंचत-पुट ताल एक षट्पितापुत्र ताल दोय वरतिये ॥ सो कनिष्ठासारित होय ॥ सो कनिष्ठासारित दूनि लयसों दूनो मार्गमें लीजिये ॥ तब लयांतर नाम आसारित होय । १ । जहां द्विकल षट्पितापुत्र ताल तीनवेर वरतिये । सो मध्यम आसारित होय । सो द्विकल षट्पितापुत्रकी एक आवृतमें बारह कला हें ॥ सो बारह कलाको खंड जांनिये ॥ तहां पहले खंडमें तीन कला नही कीजिये ॥ तब दूसरो मध्यमा सारित होय । २ । जहां चतुष्कल षट्पितापुत्रकी तीन आ-वृति कीजिये । सो जेष्टा सारिव होय ॥ तहां चतुष्कल षट्पितापुत्रकी एक आवृतमें चोईस कला होय सो । चोइस कलाको एक खंड जांनिये । जहां पहले खंडमें सात । ७ । कला नही लीजिये । तब जेष्टा सारित होय । ३ । तीनों आसारितके तीन तीन भेद हे ॥ यथाक्षर । १ । द्विसंख्यांत । २ । त्रिसंख्यांत । ३ । एक वेरके उच्चार सों वरतिये । सो अक्षर । १ । दोय वेरके उच्चार सों वरतिये सो द्विसंख्यांत । २ । तीन वेरके उच्चारसों वरतिये सो त्रिसंख्यांत ।३। ऐसें तीन भेद एक एक आसारितके जांनिये ॥ तहां यथाक्षर चित्रा । १ । वृत्ति । २ । दक्षिणा । ३ । इन तीनों वृत्तमें वरतिये । सो द्विसंख्या वृत्ति । १ । दक्षिणा । २ । में वरतियेसो अरु त्रिसंख्यांत दक्षिणा वृत्तिमें वरतिथे । ३ । च्यारों मार्गनमें यथाक्षर वरतिये । वार्तिक । १ । दक्षिणा । २ । मार्गमें । द्वि-संख्यांत वरतिये । २ । दक्षिणा मार्गमें त्रिसंख्यांत वरतिये । ये तीनों आसा-रितकी आवृत स्थाई । १ । आरोहि । २ । अवरोहि । ३ । संचारी । ४ ।

इन च्यारों वरनजुत त्रेसटि । ६३ । अलंकारजुत तत्वादि तीनों बाजेनसों तीनों वृत्तिसों करण धातुके भेदनमें सुंदर रीतिसों वीणामें बजाइये तब तीनों आसारित होय ॥ **इति दस शुष्क वाद्य लछन संपूर्णम् ॥**

यह मत्तकोकिलाको जो बजायवेको प्रकार है । सोहि नकुलि आदि वीणामें बजाइये ॥ **इति नकुली वीणामें बजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ आलापिनि वीणाको लछन लिख्यते॥ आलापिनि वीणाको दंड पहलि वीणासोकरि ॥ लंबो नव मुठिको कीजिये ॥ तामें परिघ दोय आंगुलीकी होय दोय आंगुलको लंबो ॥ आधे आंगुलको चोडो ककुभ लगाईये ककुभके आधे भागमें विना पटुली होय ॥ जाके कीला काठको होय सो दंड लगाइये ॥ और वा दंडको कीला काठको च्यार आंगुलको लंबो होय बीचमें मोठो होय ॥ या वीणाके तुंबा बारह आंगुलको ऊंचो होय ॥ मुखको विस्तार च्यार आंगुलको होय होति दांतकी नाभि होय या दंडमें उपर निचेके भागसों पोणा दोय दोय मुठी छोडिके तुंबा लगाइये ॥ इहां तुंबा दोनुको गाठी तांतसों बांधिये तो तार लगाइये ॥ दंड खेरकी लकडीको दस मुठि प्रमाण कहतहैं ॥ इहां तुंबा बांधिवेको कठोर रेसमकी अथवा मुतकी हु करत हैं । कोउ मुनि ऐसें कहतहैं ॥ सिगरे वीणानके दंड रक्तचंदनकी लकरीके कीजिये ॥

अथ वीणाके बजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ छातिके पास तुंबा राखिके ॥ बांये हातको अंगुठा दंडपे राखिये । बांये हातकी अंगूठा पासकी आंगुलीसों तार दाबि दाहिणें हातसों बजावना बिंदु धातुकी क्रियासों ॥ वा मंद्र । १ । मध्य । २ । तार । ३ । इन तीनों स्थानमें । निबध्द । १ । अनिबध्द । २ । गीत गाइये ॥ **इति आलापिनी लछन संपूर्णम् ॥**

अथ किन्नरी वीणाको लछन लिख्यते ॥ किन्नरी वीणा दोय प्रकारकी है एक तो लघु । १ । दुसरी बृहत । २ । अथ लघु वीणाको लछन कहे है बांसको दंड तीन विलस्ति । अरु पांच आंगुल लंबो होय । और पांच आंगुली मावे ऐसो मोटो होय ॥ और या दंडमें बावर काठको ककुभ कीजिये । ककुभ पांच आंगुल लंबो ॥ आठ आंगुल चोडो कीजिये । या ककुभमें सारे च्यार आंगुल लंबे । दोय आंगुल चोडो बीचमें काछवाके पिठनाई उंची लोहकी

पटूली लगाइये ॥ ओर गीधके हाड्डीकी भोंगली चटि आंगुली समान मोटि चौदे पांखकी भोंगली कीजिये ॥ गीधकी पांख नही मिले तो लोहकी अथवा कांसिकी चोदह भोंगली करि ॥ सो चोदह भोंगली दंडकी पीडमें ॥ दोय सप्तकके चोदह स्वरनके स्थान मोमके वस्त्रसुं चोपि दीजिये ॥ तहां दूसरी सप्तकको निषाद जहां सुद्ध होय ॥ तहां पहली सारि राखिये ॥ धैवतकी सारि वांसों एक आंगुल उपर राखिये । वासों उपरांत पंचम तें लेकें षड्ज तांई । पांच सारि पहले अंगुलसों कछू कछू वधाय वधाय राखिये ॥ ऐसें दोय आंगुलके आंतर रिषभ राखिये । रिषभसों तीन आंगुलको आंतर षड्ज राखियें । ऐसें दूसरी सप्तक रचिये ॥ अबें निषादतें लेकें षड्ज तांइ । पहली सप्तककी सात सारि । तीन आंगुलतें वधनी कछू कछू ऐसें राखिये । जेसें पहली सप्तकके षड्जकों ॥ अरु रिषभकों च्यारे आंगुलको अंतर होय ॥ ऐसें रचिये । इहां एक तूंबा दंड ककुभकें संधिमें नीचें बांधिये ॥ यातें कछुइक बडो दूसरो तूंबा तीसरी चोथी सारिके बीचमें दंडके नीचे छेद करि तांत बांधियें ॥ तहां तांतके अग्रभागमें लोहकी टिकडीमें ॥ छेद करि तांतकों अग्रपोहिकें तांतके अग्रमें गाठि दीजिये । सो टिकडी तूंबाके गरमें अटकायकें तांत दंडमें खेंचि दीजिये । तब तूंबा गाढो होय ॥ ऐसें तूंबा लगाइये ॥ ओर मेरुके ठिकाणे तीरकीसी फोय सरिसों कील बनाय ठोकिये तहां हातिके बालकीसी मोटि मोटि लोहकी तांति ककुभमें बांधिके वा फोयमें धरिकें । एक वा मेरुके उपरे ढीलि पटिकें कंठमें लपेटिकें फेर वा खुंटीको इतनी मरोडीये । जेसें वा तारमें दोय सप्तकके स्वर वरतिवेमें आवे । यह एक तारकी छोटि किन्नरी जांनिये । याको नाम लघु किन्नरी वीणा हे । १ । इहां बांये हातकी तीन आंगुरीनसों स्वरके स्थान तार दाबिकें दाहिणें हातसों अंगुठा पासकी अंगुरीसों बजाइये ॥ याहि वीणामें तीन तूंबा लगाइये । तांतको तार तीन बांधिये काठके जबसों बजाइये ॥ तब याको बृहत किन्नरी जांनिये ॥ **इति किन्नरी वीणाको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ देसी बाजेके किन्नरीके तीन भेद हें तिनके लछन लिख्यते ॥ लघु । १ । मध्य । २ । बृहत । ३ । इन तीनुनको लछन लिख्यते ॥ जाके तुस उतारिकें छह जव बराबर आडे धरिये ॥ इतीने प्रमान आंगुल एक

होय ऐसें पचास आंगुलको दंड होय । वामें छह आंगुलकी परिघ कीजिये यह अंगुल चोडो छह आंगुल लंबो । अग्रदंडमें लगाइये । अग्रके दंडके मध्यमें च्यार आंगुल लंबो होय । दो आंगुल चोडो ककुभ लगाइये । वा छह आंगुलके अग्रमें ॥ कछूवाके पीठकी तरह बीचमें उंची लोहकी पटुली लगाइये ॥ वीणाके मस्तकतें दोय आंगुल नीचें एक आरपार छेद करि तहां ढिलि खुटि राखिये । वासों ककुभ बांधिये ककुभसों उंचो शिरके नीचे एक मेढ बांधिये ॥ फेर वामें जेसें जहां चाहिये ॥ तैसें स्वरके स्थान मोमसों चोदह सारि राखिये ॥ अथवा तेरह सारि राखिये ॥ ओर पहलीकी सिनांई तूंबा तीन लगाइये बजायवेको लोहको अथवा तांतिको तार लगाइये ॥ तांति अनुक्रमसों दोऊ सप्तकके स्वर लगाइये ॥ ऐसें बृहत किन्नरी जांनिये ॥ १ ॥ ओर मध्यमा किन्नरीको तियांलीस । ४३ । आंगुलको दंड कीजिये ॥ दोय जो घाटि छह आंगुलकी परिघ कीजिये ॥ साडेतीन आंगुलको लंबो ककुभको अग्र कीजिये ॥ इहां दंड सीरके मध्यमें, तीसरे अंगुलमें तीहांही घाटकी तीन अंगुलको ककुभ कीजिये ॥ ओर दंडके अंतमें एक आंगुल छोडिकें मेढ लगाइये ॥ फेर वहां स्वरनके ठिकानें । सारि राखिये, पहलिकीसि, तार बांधिकें दोनु सप्तकके स्वर वरतिये । ऐसें मध्यम किन्नरी वीणा जांनिये । २ । ओर लघु किन्नरी वीणामें पेतीस आंगुलका दंड करिये । तीन आंगुलको लंबो चोडो ककुभको अग्र कीजिये । पहली वीणाकी तरह ककुभमें ठोकि दीजिये । ओर पहली रितिसों स्वरके स्थानमें सारि रचिये तूंबा बांधिये लोहके तार लगायके स्वर बजाइये ॥ किन्नरी वीणाके अनेक भेद हें । उन सबनमें पचास अंगुलतें वधती तीस आंगुलतें घाटि दंड लंबो नही कीजिये ॥ सास्त्रके प्रमान दंड नही करे तो । अनुरंजनकी धुनि नहि होत हें ॥ ३ ॥ **इति तीन प्रकारकी किन्नरी वीणा संपूर्णम** ॥

अथ वीणानमें राग बजायवेको प्रकार लिख्यंत ॥ तहां मध्यमादि रागनिके, आलापनिकी, च्यार स्थान कहत हें ॥ पहली सप्तकको मंद्र मध्य स्वर स्थाई कीजिये ।१। अथवा, चढी मध्यम स्वर स्थाई होय ॥ फेर आरोह क्रमसों पंचम स्वरसों लेकें, मध्यम ग्रामके षड्ज ताईं ॥ धैवत छोडिकें तीन स्वरकों

आरोह कीजिये ॥ फेर मध्यम स्थानके षड्जतें लेके अवरोह क्रमसों, पहली सप्तकके, मध्यम स्वर तांई उच्चार कीजिये । इहां धैवत स्वर लीजिये तो रागबीगरे नहि । अरु जो नहि लिये, तोहू, राग बिगरे नहि । ऐसें अवरोह करि मध्यम स्वरमें आवे । तब मध्यमादि रागनिको पहलो स्थान होय । फेर आरोह क्रमसों । फेर पंचम निषादको उच्चार करि । फेर अवरोह क्रमसों निषाद धैवत पंचमको उच्चार करि मध्यम स्वरमें आवे तब दूसरो स्वरस्थान जांनिये । २ । फेर पंचमतें लेकें मध्यमकी सप्तकके लेकें गांधारतांई ॥ आरोह करिये ॥ ओर मध्यमसों गांधारतो अवरोह क्रमसों पहले मध्यममें आवे तब तीसरो स्वरस्थान जांनिये । ३ । ओर पंचमतें लेकें मध्यमकी सप्तककें मध्यमतें अवरोह क्रमसों पहले मध्यममें आवतमें चोथो स्वरस्थान जांनिये । ४ । इन च्यारों स्वर स्थानमें आरोहमें ॥ धैवत छोडि दीजिये । अरु अवरोहमें धैवत लीजिये ॥ अथवा नहि लीजिये । इहां दूसरो तीसरो चोथो स्थान वरतिकें पंचम निषाद षड्ज स्वरकों आरोह क्रमसों उच्चार करि अवरोह क्रमसों या षड्जतें मध्यम स्वरमें आवनो सब ठोर । इहा सब रागनके, वरतावमें जहां जो स्वर नहि होय॥ तहां अवरोह क्रममें वा स्वरकों छोडिकें यातें आगलो स्वर लीजिये ऐसें क्रमसों आरोह कीजिये ॥ ओर अवरोहमें छोटे स्वर लीजिये अथवा नहि लीजिये । यह रिति सब रागनमें जांनिये ॥ **इति मध्यमादि रागनिके बजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ बंगाल राग बजायवेको लछन लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्वर स्थाई करि । अवरोह क्रमसों गांधारपें आवे । फेर गांधारतें निषादतांई आरोह करे । फेर निषाद तांई अवरोह करि स्थाई स्वरनमें आवें । फेर निषादतांई आरोह करि निषादतें । अवरोह क्रमसों स्थाईमें आवे तब बंगाल राग उपजे ॥ **इति बंगालके उपजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ भैरव रागके बजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां धैवत स्वर स्थाई करिकें अवरोह क्रमसों स्थाईन । तीसरे चोथे स्वर तांई जायकें । फेर वाहातें स्थाई तांई आरोह कीजिये ॥ फेर स्थाई तें अवरोह क्रमसों तीसरे स्वरको उच्चार करि, स्थाईकों उच्चार कीजिये तब भैरव राग उपजे । वीणामें भैर-

वको स्थाई मंद्र निषाद हैं ॥ इति भैरव रागके उपजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥

अथ वराटी रागके उपजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां धैवत स्वर स्थाई कीजिये । फेर अवरोह क्रमसों पंचमको उच्चार करि धैवततें लेकें मध्यमकी सप्तकके गांधार होय ॥ आरोह करि मध्यमकी सप्तकके रिषभको ओर पहली सप्तकके निषादकों दोय वेर उच्चार कीजिये ॥ फेर धैवतकों उच्चार कीजिये ॥ तब वराटी राग उपजे । वीणामें वराटिको स्थाई रिषभ है ॥ इति वराटी रागके उपजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥

अथ गुर्जरी रागके उपजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्थानके रिषभको स्थाई करि तास्थाईतें नीचले षड्जकी निषादतांई ॥ अवरोह करि, फेर रिषभ तें लेकें मध्यम तांई आरोह कीजिये ॥ फेर या मध्यमतें लेकें, निषादतांई, अवरोह कीजिये ॥ फेर निषादतें, अवरोह क्रमसों रिषभ तांई उच्चार कीजिये तब गुर्जरी रागको ग्रह स्वर उत्तरगांधारमें जांनिये ॥ इति गुर्जरी रागको प्रकार संपूर्णम ॥

अथ वसंत रागको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम ग्रामके षड्जकों स्थाइ करिकें । अवरोहमें षड्जतें तीसरो स्वर धैवतको उच्चार कीजिये ॥ फेर तातें नीचलें पंचमको उच्चार कीजिये । फेर मध्यम स्थानके रिषभतें लेकें मध्यम तांई आरोह करि । या मध्यमतें रिषभ तांई । अवरोह कीजिये । फेर षड्ज स्वरमें न्यास कीजिये । तब वसंत राग उपजे । ओर वीणामें वसंतको ग्रहस्वर रिषभहें ॥ इति वसंत रागके प्रकार संपूर्णम् ॥

अथ धन्नासि राग वजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्थानको षड्ज स्वर करिकें ओर मध्यम स्थानके गांधार । १ । मध्यमको ।२। उच्चार कीजिये फेर रिषभ । १ । गांधार । २ । को उच्चार करि मध्यम । १ । पंचमको उच्चार कीजिये । फेर पंचमतें लेके ओर रिषभ छोडिकें पहली सप्तकके मिषाद तांई । अवरोह करि ग्रह स्वरमें ॥ पीछे मध्यम स्थानके गांधार । १ । मध्यम । २ । को उच्चार करि फेर गांधारकों उच्चार कीजिये ॥ फेर

ग्रह स्वर षड्ज है ताको उच्चार कीजिये ॥ तब धनाश्री राग उपजे। वीणामें धनाश्रीको स्वर पंचम है ॥ **इति धन्नासि रागको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ देशी रागके उपजवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां रिषभ स्वर मध्यम स्थानको स्थाइ होय और गांधारको उच्चार करि ॥ एक छिन विलंब करि पंचमको कंप कीजिये आंदोलनामें ममक सों फेर मध्यम । १ । गांधारको । २ । उच्चार कीजिये फेर ग्रह स्वरों निचले दोय स्वरकों अवरोह करि ॥ फेर आरोह करि । फेर आरोह क्रममें गांधारको उच्चार कीजिये ॥ फेर रिषभमें उच्चार कीजिये तब देसी राग होय ॥ और गांधार स्वरमें देसी रागकों ग्रह स्वर कहे हें ॥ **इति देशी रागको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ देसाख्य रागको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्थानको गांधार स्थाइ होय । फेर अवरोह क्रमसों निषाद उच्चार करि ॥ या निषादतें पंचमतांई आरोह करे फेर पंचमतें निषाद तांई अवरोह करि मध्यम स्थानके षड्ज तांई उच्चार करि गांधारमें न्यास कीजिये तब देसाख्य राग उपजे । या देसाख्व रागको वीणामें मध्यम स्वर ग्रह हें ॥ **इति देसाख्य राग प्रकार संपूर्णम् ॥**

याहि क्रमसों औरहु रागनके स्थाइ स्वर देखिकें ग्रह अंस न्यास वरतिये । तब ये रागके न्यारे प्रकार प्रगट होत हें । **इति रागांग रागनके बजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ भाषांग रागनके बजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ तहां प्रथम (डोंबकी) भूपाली ताको प्रकार कहे हें । जहां मध्यम स्थानको षड्ज स्वर ग्रह करिकें ॥ आरोह क्रमसों रिषभको उच्चार कीजिये । फेर पहली सप्तकके धैवतको उच्चार करि एक छिन विलंब करि मध्यम स्थानके मध्यमको उच्चार कीजिये । पीछे पहलि सप्तकके धैवत पंचमको वा मध्यम स्थानके रिषभ षड्ज अवरोह करि ताइ धैवतको वा रिषभको उच्चार कीजिये । फेर स्थाइ मध्यममें न्यास कीजिये । तब भूपाली राग उपजे । भूपाली रागमें मध्यम स्थानकों मध्यम स्वर स्थाइ जांनिये । **इति भूपाली रागको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ प्रथम मंजरीको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मंद्रस्थानको **पंचम**

स्थाइ होय । या पंचमसों लेकें मध्यम स्थानको मध्यम तांई आरोह कीजिये । या मध्यमतें अवरोहमें रिषभको विलंब करि । षड्जको कंप करि पंचम तांई । अवरोह करि पंचममें विश्राम कीजिये । तब प्रथम मंजरी उपजे याको वीणामें स्थाइमें मंद्र गांधार जांनिये ॥ **इति प्रथम मंजरीको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ कामोदको प्रकार लिख्यते ॥ जहां धैवत स्वर स्थाइ करि । तासों पहलों स्वर पंचम ताको आंदोलना मार्गमें कंप कीजिये । फेर धैवतसों लेकें मध्यम स्थानके रिषभस्वर तांई वा गांधारतांई आरोह करि । या गांधारतें पहलि सप्तकके मध्यमतांई । अवरोह करि मध्यममें विश्राम कीजिये तब कामोद होय । या कामोदको मध्यम स्वर ग्रह है । यह कामोदका प्रकार हैं । **इति कामोदको प्रकार संपूर्णम् ॥**

ऐसो रितीसों प्रकार भाषांग राग जांनिये । **इति भाषांग राग प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ क्रियांग रागनको लछन लिख्यते ॥ राम कृति । राम कलि जहां मध्यम स्थानको षड्ज स्वर ग्रह करि । या षड्जतें लेकें मध्यम स्थान तांई वा गांधारतांई ॥ आरोह करिकें फेर मध्यम स्वरकों विलंब करि या मध्यमतें । अवरोहमें गांधार । १ । रिषभ । २ । को थोरो उच्चार करि षड्जमें न्यास कीजिये ॥ तब रामकलि उपजे ॥ **इति रामकलि प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ गौडकृति रागके बरतिवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्वर स्थाई करि ॥ अवरोह क्रमसों षड्जकों उच्चार करि या षड्जतें गांधार तांई अवरोह करि पंचमको उच्चार कीजिये । या पंचमतें षड्जतांई अवरोह करि या षड्जतें गांधार तांई आरोह करि या गांधारकों पंचम कंप करिकें मध्यममें न्यास कीजिये ॥ तब गौडकृति राग उपजे । या गौडकृतिको वीणामें स्थाई पंचम हैं ॥ **इति गौडकृति रागके प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ देवकृति रागको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्थानकों षड्ज स्वर ग्रह करि पहली सप्तकके निषादको उच्चार करि षड्जको उच्चार कीजिये ॥ पीछे मध्यम स्थानकें गांधारमें मध्यमको उच्चार करि ॥ पंचम स्वर कंपाय ॥ मध्यमको उच्चार करि ॥ गांधार षड्जको उच्चार कीजिये ॥ फेर

रिषभको कंप करि गांधार बजाय ॥ षड्जमें न्यास कीजिये ॥ तब देवकृति राग उपजे ॥ वीणामें देवकृतिको मध्यम स्वर न्यास कीजिये ॥ इति देवकृतिको प्रकार संपूर्णम् ॥ ऐसें क्रियांग राग अनुक्रमसों वरतिये ॥ **इति क्रियांग रागनि संपूर्णम् ॥**

अथ उपांग रागको प्रकार लिख्यते ॥ तहां प्रथम भैरवी कहे हैं ॥ जहां धैवत स्थाई करि अवरोह क्रमसों पंचमको उच्चार करि मध्यमको उच्चार होये । फेर मध्यम सों धैवत तांई उच्चार करि या धैवतसों मध्यम तांई अवरोह करि उच्चार कीजिये ॥ फेर पहली सप्तकके धैवतसों लेकें मध्यम स्थानके षड्ज-तांई आरोह करि । या षड्जसों मंद्र सप्तकके गांधार तांई अवरोह करि मध्यमकों उच्चार कीजिये फेर धैवतकों कंपाय निषाद । १ । षड्ज । २ । को उच्चार करिये । निषादको फेर उच्चार कीजिये ॥ फेर धैवत पंचमको उच्चार करि मध्यममें न्यास कीजिये तब भैरवी होय । या भैरवीको वीणामें गांधार स्वर स्थाई है ॥ **इति भैरवीको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ छायानट्टको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मंद्रस्थानकों षड्ज ग्रह करि या षड्ज तें मध्यम स्थानके षड्ज ॥ तांई आरोह करि । या मध्यम स्थानके षड्जतें पहलें षड्ज तांई अवरोह कीजिये ॥ फेर षड्ज । आरोह क्रमसों पंचममें आवे या पंचमको विलंब करि धैवतकों उच्चार करि ॥ धैवतसों अवरोह क्रमसों षड्जमें आवे ॥ तब छायानट्ट उपजे ॥ **इति छायानट्ट प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ बहुली रामक्रीको प्रकार लिख्यते ॥ तहां मध्यम स्थानकों षड्ज ग्रह करि । रिषभ । १ । गांधार । २ । को उच्चार करिये ॥ फेर पंचम धैवतकों उच्चार करि ॥ इन दोनुको अवरोह कीजिये ॥ फेर गांधार तें षड्जतांई । अवरोह कीजिये ॥ फेर मध्यम गांधार स्वरकों अवरोह करि । फेर मध्यम स्वरको कंप करि पंचम स्वरकों उच्चार करि षड्जमें न्यास कीजिये ॥ तब बहुली रामक्री उपजे ॥ **इति बहुली रामक्रीको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ मल्लार राग उपजायवेको प्रकार—लछन लिख्यते ॥ तहां धैवत स्वर स्थाई करि निषाद स्वरमें विलंब होये ॥ और धैवततें अवरोह

क्रममें ॥ धैवतको ऐसाको उच्चार करि मध्यम स्वर छोडिकें गांधार स्वरकों उच्चार कीजिये । एक छिन विलंब करि फेर गांधारतें लेकें ॥ मध्यम स्वर छोडि मध्यम स्थानके षड्ज तांई अवरोह करि । एक छिन विलंब कीजिये । फेर निचिले निषादकों थोडो उच्चार करि फेर धैवतसों लेकें । मध्यम स्थानके षड्ज तांई ॥ अवरोह करि धैवतकों उच्चार करि धैवतमें न्यास कीजिये ॥ तब मल्लार राग उपजे ॥ या राग वीणामें पंचम स्वर स्थाई जांनिये ॥ इति मल्लार राग प्रकार संपूर्णम ॥

अथ गौड कर्णाट उपजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां मध्यम स्वर स्थाई होय ॥ ओर मध्यम स्थानके षड्जतें लेकें मंद्रस्थानके मध्यम तांई अवरोह करि ॥ फेर पहली सप्तकके धैवतकों उच्चार करि । या मंद्र-स्थानसों लेकें मध्यम स्थानके रिषभ तांई आरोह करि । फेर मध्यम स्थानके मध्यमकों उच्चार करि ॥ मध्यमकी सप्तकके गांधारकों विलंब करि ॥ मध्यम स्थानके षड्जमें न्यास कीजिये ॥ तब गौड कर्णाट राग उपजे ॥ याको वीणामें स्थाई स्वर पंचम हें ॥ इति गौड कर्णाट प्रकार संपूर्णम ॥

अथ तुरुष्क गौडकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ तहां निषाद स्वर ग्रह करि । मध्यम स्थानके षड्जको उच्चार करिये । फेर आरोह क्रमसों मध्यम स्थानके रिषभ गांधारकों उच्चार करि मंद्र निषाद मध्यम स्थानके षड्जकों उच्चार कीजिये ॥ या षड्जतें पहले मध्यम तांई अवरोह करि ॥ मंद्र रिषभकों उच्चार करि मंद्र मध्यमकों उच्चार कीजिये ॥ फेर मंद्र पंचमकों उच्चार करि धैवतकों उच्चार कीजिये । फेर मध्यम स्थानके षड्जकों उच्चार करि । मंद्र निषादमें न्यास कीजिये ॥ तब तुरुष्क गौड राग उपजे ॥ याको नाम मालवी कहे हें । याको वीणामें स्थाई स्वर पंचम हें ॥ इति गौड तुरुष्क राग उपजायवेको प्रकार संपूर्णम् ॥

अथ द्राविड गौडको उपजायवेको प्रकार समग्र लिख्यते ॥ जहां मंद्र निषाद ग्रह करि मध्यम स्थानके षड्जको उच्चार करि ॥ रिषभकों छोडिकें गांधारतें लेकें पंचम तांई आरोह कीजिये ॥ या पंचम स्वरतें गांधार तांई अवरोह करि । रिषभकों कंप कीजिये ॥ फेर मध्यम स्थानके षड्जकों उच्चार करि ॥ मंद्र निषादमें

उच्चार करिये । तब द्राविड गौड राग उपजे॥ याकों सालक हू कोऊ कहत हैं । या रागकों स्थाई पंचम हें ॥ इति द्राविड गौड रागको प्रकार संपूर्णम् ॥ ऐसें ओर उपांग राग जांनिये ॥ **इति उपांग राग प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ देसी रागनमें ललित राग बजायवेको प्रकार लिख्यते ॥ जहां धैवत स्वर स्थाई करि । या धैवतमें मंद्र मध्यमतांई अवरोह करि मंद्र रिषभकों उच्चार कीजिये ॥ फेर गांधारकों उच्चार करि ॥ मंद्र पंचमको उच्चार कीजिये ॥ फेर धैवतमें विलंब करि फेर पंचको थोरो उच्चार करि ॥ फेर पंचमको मध्यमको उच्चार करि ॥ पंचमको विलंब कीजिये ॥ फेर गांधारको उच्चार करि ॥ अवरोह क्रमसों ॥ रिषभ षड्जकों उच्चार करि कंपजुत गांधारमें न्यास कीजिये ॥ तब ललित राग उपजे । या रागके वीणामें गांधार स्वर स्थाई हे ॥ **इति ललित राग प्रकार संपूर्णम् ॥**

ऐसें यह कितनें हु राग बुद्धिविलास करिवेकों कहे हें ॥ या रितमों जांनिये ॥ किन्नरीवीणा जो ग्रहस्वर होय तामें अंस स्वरको विचार करि न्यास स्वरपर्यंत आलाप कीजिये । जैसें राग प्रगट होय तैसें आरोह क्रममें स्वर वरतिये । इहां किन्नरि आदि वीणामें जो जो स्थानके जे जे स्वरसों राग प्रगट होय वहि स्वर उन स्थानकके वंसी आदि पोंनके वाजे हें तिनमें वरतिये । जब राग प्रगट होय ॥ **इति किन्नरी वीणामें राग वरतिवेको प्रकार संपूर्णम् ॥**

अथ पिनाकी वीणाको लछन लिख्यते ॥ तहां पिनाकी वीणाको दंड धनुसकें आकार कीजिये ॥ सो चालिस आंगुलको लंबो कीजिये ॥ ओर दंड चोडावमें उपर नीचे पतलो होय । मध्यम चोडो सवादोय आंगुल कीजिये । ओर वा दंडके निचले भागमें । एक आंगुलके प्रमान अग्रमिहि कीजिये उपरले भागमें सवा आंगुलके प्रमान अग्रमिहि कीजिये ॥ यह अग्रको नीचलो भाग अधर शिखा ऊपरको आग्रको भाग उपर शिखा जांनिये ॥ इन दोमू अग्रमें एक आंगुलके दीर्घ पोणा पोणा आंगुलकी जिनके घुंमी होय । ऐसें दोय मुहरा उनमें लगाइये । उन दोनु मुहरा लगाये पीछे पोंणा दोय दोय आंगुलको उपरले नीचले छेदको विस्तार जांनिये । इन दोनु छेद्रनमें सुंदर बजायवे लायक तांतको तार बांधिये । ओर या दंडके नीचे पहलीकोसिनाई तूंबा बांधिये । या वीणाको

कमानसो बजाइये । सो कमानको प्रमाण कहे हैं । बजायवेकीं कमानकी दंड इकईस आंगुलको लीजिये ओर या कमानकी मूठिमें विस्तार तीन आंगुलको जांनिये । निचलो अग्र एक आंगुलको प्रमान छोडिकें । या बजायवेकी कमानमें घोडाकी पूछके बाल बांधिये । या नाकी षिणाको नीचलो तूंबा दोय पावनमें राखिये । वाकी आधार सिखाधरतिमें राखिये । उपरलो तूंबा कांधेपे राखिये । बांई कांखिमें तूंबाको दाबि । बांये हांतसों स्वरके स्थान तार दाबिकें । दाहिनें हातमें । वा कमान लेकें याकें घोडाके बाल तांतिपे रगडीये । तब स्वर उपजे । इहां स्वरनके स्थानकमें राल लगाइके षड्जादि स्वरनें स्वरनकों रचाईये । **इति पिनाकी वीणाको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ निसंक वीणाको लछन लिख्यते ॥ जहां वीणाकें च्यार हातकी लंबि तांति लेकें याको एक छोर वीणाके कहांके निचे बांधिये । फेर उपरले भागमें । मरुके ठिकाणेके काठमें डोड हात तांति बजायवेके बांधिये ॥ ओर वीणाके दंडके बिचमें ओर काठ लगायकें ॥ वह डोड हातकी बाकीजो तांत ताको अग्र बांधिये वा काठको प्रमान । डोड हातको जांनिये ॥ सो काठ बांई जांघ पिंडीके संधिमें दाबिके वीणाको निचलो भाग धरतीमें राखिये ॥ ऐसें वीणा धारण करि बांये हातसों स्वरनकें स्थान तार दाबिकें पिनाकी वीणाकी सीनांई दाहिनें हातमें कमान लेकें बजाईये तहां स्वर दाबिवेकों बांये हातमे चांमकों दसता पहिरवा सों स्वरके तारस्थन दाबिये ॥ ऐसें जहां होय सो निसंक वीणा जांनिये । तब या निसंक वीणामें मंद्र । १ । मध्य । २ । तार । ३ । इन तीनों स्थाननके स्वर जुदे जुदे प्रगट होय हैं ॥ **इति निसंक वीणाको लछन संपूर्णम् ॥**

इहां शास्त्रकी रीत कहिहें । सो यह तत वाद्य श्रोतानकों अनुरंजन करे जैसें आछो स्वर निकसे तैसें आपनी बुद्धिसों विचारिये । यहां मुख्य भेद वीणाके कहेहें ॥ इनकी रितिसों । ओरहू अनेक वीणाके भेद जांनिये ॥

॥ श्लोक ॥ यो वीणावादनं वेत्ति तत्त्वतः श्रुतिजातिवित् ।
तालपात कलाभिज्ञः सोऽक्लेशान्मोक्षमृच्छति ॥ १ ॥

अर्थ इनको कहेहें ॥ जो पुरुष वीणा बजाय जानें । ओर बाइस श्रुति-

नकी जातिकों तत्व जानें चंचतपुट ताल । आदिनकी सब्दसहित क्रिया । ओर विना सब्दकी क्रियाकों जानें । सो बिना परिश्रमही मुक्ति पावे ॥ **इति तत बाजेको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ आनबद्ध बाजेको नाम लिख्यते ॥ पटह यांकों लौकिकमें ढोल कहतहें । १ । हुडका । २ । करटा । ३ । मर्दल । ४ । त्रिवली । ५ । डमरू । ६ । रुंजा । ७ । काहुडा । ८ । सेलुका । ९ । वड । १० । डकुली ।११। तुक्का । १२ । ढमस । १३ । दुंदुभि । १४ । निसाणकी । १५ । भेरी ।१६। ऐसें बाजे अनेक ओरहु यारीतिके जांनिये ॥ इन बाजनके चर्मसों मुख मढे जात हें । यातें इनकों आनबद्ध कहेंहें ॥ **इति आनबद्ध बाजेके नाम लछन संपूर्णम् ॥**

अथ घन बाजेके नाम लिख्यते ॥ ताल । १ । कांस्य ताल । २ । घंटा । ३ । जयघंटा । ४ । पटकम्रा । ५ । ऐसें ओरहू घन बाजेके भेद जांनिये ॥ **इति घन बाजेके भेद लछन संपूर्णम् ॥**

अथ सुषिर बाजेके नाम लिख्यते ॥ वंसी । १ । मुहरि । २ । पाविका । ३ । पावक । ४ । मुरली । ५ । तितिरी । ६ । संख । ७ । काहल । ८ । स्रंग । ९ । ऐसें ओरहूं सुषिर बाजे अनेक होतहें ॥ **इति सुषिर बाजेके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ च्यार प्रकारको बाजेकी क्रियभेद लिख्यते ॥ एकहस्त । १ । द्विहस्त । २ । कुहूपा घातज । ३ । गोलकाहनत । ४ । धनुराघर्ष संभव । ५ । हूत्कार जांनित । ६ । बहु रंगीक । ७ । ये जांनिये ॥

अथ इन भेदनको लछन लिख्यते ॥ विवाहमें । १ । परिक्षामें । २ । उत्सावमें । ३ । दानकर्ममें । ४ । जहां ओरहूं उछाह होय । मंगलिक सगरे काममें । जो बाजो एक हातसों बजे सों एकहस्त जांनिये । १ । जो दोय हातसों मृदंगादिक बाजेसों द्विहस्त जांनिये । २ । जो काठके डंका सों बजाइये । नगारासों कुडया घात जांनिये । ३ । जो गोलक कहिये । काठको जवार्त सो बजाईये । सो सारंगी आदिक धनुराघर्ष संभव जांनिये । ४ । जो बाजो मुखके योनिसों बजाइये ॥ सो मूरलि आदिक भूतकार जांनिये । ५ । जो

ताल झांझिवाजे आपसमें बजाइय। सो बहु रंगीक जांनिये । ६ । **इति वाद्य भेद लछन कहेहे ॥**

प्रथम पटहके दोय भेद हें ॥ देसी । १ । मार्गी । २ । जहां मार्गीको लछन लिख्यते ॥ जाको विस्तारमें परिधि अठाइस अंगुलकी लंबी होये ॥ ओर मध्य देस साठि आंगुलको होय ॥ तहां दाहिणें मुख विस्तारमें ॥ साडेग्यारह आंगुल होय ॥ बांये मुख विस्तारमें साडिदस आंगुल होय ॥ ये दोऊ मुख गोल कीजिये ॥ तहां दाहिणें मुखपें लोहको दंड कडा हासिलिके ठिकाणे पहराईये ॥ ओर बांई तरफ मुखपें काठकी हांसिकी पहराईये ॥ सो बांई तरफकी काठकी हासिलि छह वरखको छडो मारनो होय ताके योधडाकीनसासों वा शालसों लपेटिये ॥ ऐसें जेवर करवाइये मुख पहराईये ॥ या बांये ओर बांये कमलपर्म । सात छेद करि तें च्यारों तरफमें । तिनमें मिहि डोरा सात रेसमके बांधि उनमें कलस सात । ७ । छोटे छोटे च्यार आंगुल लंबे सोनेके तथा दावेके तथा पीतलके वा लोहके बांधिये ॥ फेर तीन आंगुलकी चोडी लोहकी पटि आछि लंबि बनाये । वह हासिलि जोग ॥ या वास्ते ढोलकी राखिके वास्ते ढोलकी उपर च्यारों तरफ लपेटिये ॥ फेर चोपद पसूको चाम जबरो मोटो लेके वो मुख मडिये सो बांये मुखको केवल लोहकी पटि जवर होये तेसें मढिये ॥ फेर दाहिणें मुखपें । सुक्ष्म चांमसों मडिये । बाकी जो बांई तरफकी तरह मडिये फेर दाहिणी हांसिलिमें छेद करि । झबर डोरी डाबीके। बांई हांसिलिके छेदमें काढिये ॥ फेर वांहि डोराकुं लेके कलसाल गाय दाहिनि हासिलिके उपर करि छेदनमें गाढि बांधि दीजिये । ये कलसा चढाविपे उतारिवेकों काम कहेहें ॥ इनहि कलसांसों षड्जादि स्वर जाने परे हें ॥ याको डोरीसों बांधिगरेमें लटकाय बजायवे याको लौकिकमें ढोल कहते हें ॥ **इति मारगी पटह लछन संपूर्णम् ॥**

अथ देसी पटहको लछन लिख्यते ॥ ड्योड हातको लंबो होय सात आंगुलको दाहिनो मुख होय । साढि छह आंगुलको बायो मुख होय । ओर पसूंके आछे चांम होय तासों मढे ॥ ओर मारगी ढोलकी तरह बनाइये । मारगी । १ । देसी । २ । ढोल दोनू खेरके काठके कीजिये । या

देसी ढोल जेसा बडा अथवा छोटा ढोल आपनी इछासों कीजिये । जैसा चाहे तैसो कीजिये । मारगी । १ । देसी । २ । पटहके । ३ । भेद हैं । उत्तम । १ । मध्यम । २ । अधम । ३ । जो सास्त्रमें कह्यो सो प्रमानसों उत्तम जांनिये । १ । या प्रमानसों बारह घाटि होय । सो मध्यम जांनिये । २ । या प्रमानसों छटे वांट घाटिसों अधम जांनिये । ३ । अथ ढोलके पाठाछर लिख्यंते ॥ क । ख । ग । घ । ट । ठ । ड । ढ । ण । त । थ । द । ध । न । र । ह । यह सोले अछिर हैं ॥ इनमें बजायवेमें बोल रचिये । किण । खण । जिण । घण । टण । ठण । तण । थण । दण । धण । हण । या भांतिसों इन सोलहें अछिरसों अनेक पाटि कीजिये । याको डंकासों बजावे सो कहे हैं ॥ अठारह आंगुल लंबो ॥ अग्रजाको पतरो होय पीठजाको चढतो होय ॥ ऐसो दंड उतार चढावकों करि वांके पकरवेकी ठोरसों मोमको कपडो लगाइये ॥ तहां हातसों पकरि बजाइये ॥ पटहको बजावे तब । पद्मासन करि बेठे । दोनु जांघनपें ढोलको रखिये । डंकासों बजावे । राजसभामें सबठोर मंगलकारिजमें बजावे ॥ **इति पटह लछन संपूर्णम ॥**

अथ पाठाछर सोलह कहे तिनके उलटेपलटे ते अनेक पाट होत हैं ॥ तहां श्रीशिवजीके पांचो मुखतें पाट उपजे हे तिनके नाम भेद लिख्यंते ॥

प्रथम सद्योजात मुखसों नागबंधन पाट भयो । १ । वामदेव मुखसों स्वस्तिक नाम भयो । २ । अघोरा मुखसों अलग्न नाम भयो । ३ । तत्पुरुषसों शुद्धि नाम भयो । ४ । इशाना मुखसों । समस्खलित नाम भयो । ५ । यह पांचों पाट सिगरे पाटनमें मुख्य हे । इन पांचो पाटनके देवता कहे हैं । पहलीको देवता । ब्रह्मा । १ । विष्णु । २ । शिव । ३ । सूर्य । ४ । चंद्र । ५ । ये अनुक्रमसों पांचो पाटके देवता जांनिये ।

अथ नागबंधनके सात भेद कहे हैं ॥ टनागिम गिननगि । याको नाम नागबंध हे । १ । ननगिड गिडदगि । याको नाम पवन हैं । २ । गिड गिडदत्थ । याको नामण कहे । ३ । किटतत । याको नाम एक सर हैं । ४ । नखु नखु । याको नाम द्विसर हैं । ५ । खिरतकिट । याको नाम संचार हैं । ६ । थोंगि थोंगि । याको नाम विक्षेप हैं । ७ । **इति नागबंधन भेद संपूर्णम ॥**

अथ दूसरो स्वस्तिकके भेद लिख्यते ॥ ततकिटकि । याको नाम स्वस्तिक कहे हैं । १ । थों हंता । याको नाम वलिकोहन्त । २ । थोंथों गोंगों । याको नाम कुंडलि विक्षेप । ३ । थोंगिन थोंगिन थोंगिन । याको नाम फुल विक्षेप । ४ । थोंगिनतत्ता । याको नाम संचारिविल्हखी । ५ । किटथोंथों गिनखेंखें । याको नाम खण्ड नागबंध । ६ । टकु । झंझं । याको नाम पृश्क हैं । ७ । **इति स्वस्तिकके सात भेद संपूर्णम ॥**

अथ अलग्नके सात भेद लिख्यते ॥ नन गिडगिड दगिदा । याको नाम अलग्न हें । १ । दत्थरिकि दत्थरिक । याको नाम उत्सार हें । २ । तकि थिकि तकि थिकि । याको नाम विश्राम कहे हें । ३ । टगुनगु टमुटगु । याको नाम विषमखल्ली । ४ । खिरितु खिरितु । याको नाम सरी । ५ । खिरि खिरि । याको नाम स्फुरी । ६ । नरकित्थरिकि । याको नाम स्फुरण । ७ । **इति अलग्नके सात भेद संपूर्णम ॥**

अथ शुद्धिके सात भेद लिख्यते ॥ दरिमिड गिडदगिदा । याको नाम शुद्धि । १ । टटकुटट । याको नाम स्वरस्फुरण । २ । ननगिन खरिखरि । याको नाम उच्छाल । ३ । दखें दखें दखें खे । याको नाम वलत । ४ । थों गिनगि थों गिनगि । याको नाम अघट । ५ । तत्ता । याको नाम तकार । ६ । धिधि याको नाम माणिक्यवल्ली । ७ । **इति शुद्धिके सात भेद संपूर्णम ॥**

अथ समस्खलितके सात भेद लिख्यते ॥ तझं तझं झं । याको नाम समस्खलित । १ । गिरिग्ड गिरिग्ड । याको नाम विकट । २ । कण कणकि । याको नाम सद्दस । ३ । धिधि किटकी । याको नाम स्खलित । ४ । दिगिनगि दिगिनगि । याको नाम अडुखली । ५ । धरकट धरकट । याको नाम अनुछला । ६ । दोंनकट दोंनकट । याको नाम खुत्त । ७ । **इति शिवजीके पांचो मुखके सात भेद हें ॥ तिनके पेंतिस भेदके हस्तपाठ संपूर्णम् ॥**

अथ नंदिकेश्वरके मुखसों निकसे च्यार पाठाक्षर तिनके नाम लिख्यते ॥ कोणाहत । १ । संभ्रांत । २ । विषम । ३ । अर्धसम । ४ ।

ये च्यार जांनिये ॥ खुंखुंधरि खुंखुंधरि कर गिड कर गिड ॥ याको नाम कोणाहत । १ । जहां चटी अंगुरी अंगुठासों बाकी अंगुरी छोडिकें बाजो डंकासों अक्षर बजाईये सो कोणाहत जांनिये ॥ दरगिड दरगिड गिरि-गिड्द दाणकिट मटटकु ॥ याको नाम संभ्रांत । २ । दन्हें दन्हें खुंखुं दन्हें खुंखुं दन्हें ततकि ततकि । याको नाम विषम । ३ । जहां पंजाके कंपसों ओर आंगुरीकी चालके कंपसों । अक्षरके अनुसार बजावे । सो विषम जांनिये । ३ । दद्दगिद गिगिरिकिटदगि थों थों गिद्थोंगिद । याको नाम अर्ध सम । ४ । जहां कछूइक अंगको कंप लीजिये । कछूक विनां कंपसों मूधी आंगूरीसों अक्षर अनुसार बजाइये । सो अर्ध सम जांनिये ॥ इति **नंदिकेश्वरके मुखसों च्यारों हस्तपाठ संपूर्णम्** ॥

॥ हस्तपाठ २१ ॥

१ **उत्फुल्ल** कन्हे कन्हे जो नखनसों अक्षर बजाईये ॥ सो उत्फुल्ल जांनिये । १ ।

२ **खलक** दांगिड गिड गिदा । जहां अंगुठा फेलाय सुकचुंचं गमककी मुद्रासों या न्यारि न्यारी अंगुठासों अक्षर अनुसार बजाईये । सो खलक जांनिये । २ ।

३ **पाण्यन्तरनिरकुट्टक** दगिडदां खरिक्कदां खरिक्क खरिक्कदां खरिखरिदां गिडदां । जहां दाहिणे हाथके अंगुठा पासकी अंगुरी अंगुठा इन दोनुनसों अक्षर बजाइये ओर बांये हातसों रेफ गमककी मुद्रासों क्रम व्यूतक्रमसों बजाइये । सो पाण्यन्तरनिकुट्टक जांनिये । ३ ।

४ **दंडहस्त** दातारिकिटदां खरिखरिदां । जहां पताका मुद्रासों एक उपरकों ताडन करे फेर दोय वार रेफ मुद्रासों ताडन करि सों दंडहस्त जांनिये । ४ ।

५ **पिंडहस्त** थरिकिटझें थरिकिटझें जहां बजायवेमें पहलें दोनु हातकी क्रिया कीजिये ॥ पिछे एक हातसों अक्षरको निवहि कीजिये । सो पिंड-हस्त जांनिये । ५ ।

६ **युगहस्त** द्रेंद्रें दांदां । जहां रेफकी मुद्रासों दोनु हातसों उपरको ताडन कीजिये ॥ जेसें पाठाक्षर बनें । अक्षिरके अनुसार बजावे । सो युगहस्त जांनिये । ६ ।

७ **ऊर्द्धहस्त** दरगिड दांदां । जहां दाहिणें हातकी हतलीसों उपरकों घात कीजिये । सो ऊर्द्धहस्त जांनिये । ७ ।

८ **स्थूलहस्त** खुंखुंदखुंखुंद जहां ऊर्द्धहस्तकी मुद्रासों दोय वेर बाजेके मुडा दोऊ बजाइये । फेर तलहस्तसों एक वेर बजाइये सो स्थूलहस्त जांनिये । ८ ।

९ **अर्धार्धपाणि** खुंदा खुंदा । जहां अर्द्धहस्तकी मुद्रासों दोनु हातसों बजाइये। सो अर्धार्धपाणि जांनिये । ९ ।

१० **पार्श्वपाणि** थरगिड दागिड दगिड दगिड । जहां नखके अग्रभागसों बजाइये । सो पार्श्वपाणि जांनिये । १० ।

११ **अर्धपाणि** दगिड दगिड दरगिड दरगिड । जहां एक हाथके अग्र सों बजाइये । सो अर्धपाणि जांनिये । ११ ।

१२ **कर्तरी** टिरि टिरि टिरि किटथों दिगिदां तिरि टिरि किटझेंझे तकिकिट । जहां बाये हाथकी चलती अंगुरीसों अक्षरके अनुसार बजाइये । सो कर्तरी जांनिये । १२ ।

१३ **समकर्तरी** झिनकिट कनकिट किटझंथों दिगिद तिरिटि तिरिटिकि । जहां दोनु हातकी चलति अंगुरीसों बजाइये । सो समकर्तरी जांनिये ।१३।

१४ **विषमकर्तरी** टिरि टिरि थों दिगिद टिरि टिरि किद । जहां एक हातकी चलती अंगुरीसों बजाइये दुसरे हातसों साधारण ताडन कीजिये । सो विषमकर्तरी जांनिये । १४ ।

१५ **समपाणि** दां गिड गिड दांदां। जहां दोनु हातकी अंगुरी अगुठा मिलायके बजाइये । सो समपाणि जांनिये । १५ ।

१६ **विषमपाणि** दांदां गिड गिड दांदां । जहां दोनु हाथकी अंगुरी अंगुठासों उलटा बजाइये । कोइ अंगुरीसों कबहू कोऊ ऐसें क्रमविना बजाइये। सो विषमपाणि जांनिये । १६ ।

१७ **पाणिहस्त** तरगिड दरगिड । जहां दोनु हातकी न्यारी न्यारी वा अंगुरीसों एक संग बजाइये। सो पाणिहस्त जांनिये । १७ ।

१८ नागबंधक तत गिडिकिट । जहां दाहिनें हातसों बांये पुठ बजाइये बांये हातसों मृदंग आदिकको दाहिणें पुठ बजाइये ॥ ऐसे अकेले हातसों बजाइये अथवा मृदंग आदिककी एक एक पुठमें दोऊ हातसों पाठाछर बजाइये । सो नागबंधक जांनिये । १८ ।

१९ अवघट ततागिड गिड दगिटन गिनगिननगि । जहां मृदंग आदि वाद्यको पुडीको हतलीसों ताडन करि अंगुठा अंगुरीसों बजाइये । एकही हात-सों बजाइये सो अवघट जांनिये । १९ ।

२० स्वस्तिक तकिट तकिटतकि । जहां दोऊ हातसों अंगुरी समेटी बजावे । सो स्वस्तिकके लछन जांनिये । २० ।

२१ समग्र तकिट किटतक । जहां एक संग दोऊ हातनसों मृदंगके पुडाकों ताडन कीजिये ॥ अथवा हतलीसों बजाइये ॥ अंगुठा आंगुरी नही लगाइये सो समग्र जांनिये ।२१। **इति इकवीस हस्तपाठ संपूर्णम्॥**

॥ अथ सोलह हस्तक लिख्यते ॥

१ उल्लोल झेंथां झेंथां थांथां झें ॥ जहां दाहिणें हातकी बीचली अंगुरी अंगु-ठासों मृदंगको दाहिणें पुट ताडन कीजिये ॥ अथवा पहले अंगठा छुवा फेर सब अंगुरीसों ताडन कीजिये । सो दक्षिण हस्त देई दक्षिण हातसों दाहिनें हातकी अंगुरी नही लगाइये ॥ ओर दाहिणें हातकी अंगुरीनसों बजाये ॥ ओर बांयो हात उछलसो चले । सो उल्लोल जांनिये । १ ।

२ पाणयन्तर नखें नखें नखें खेंखेंखें नखें नखें नखें खेंखेंखेंखें दखुं खुंद खुंद ॥ जहां दाहिणे हाथके अंगुठासों दाहिण हात पुडाको ठोकिये । बांये हातमें बाये पुडामें तरत कीजिये । सो पाणयन्तर जांनिये । २ ।

३ निर्घोष नखखि थोंथों दिगिदा ॥ जहां मृदंगके पुडाको कि न्यारो बजाइये अथवा डंकासों बजाइये । सो निर्घोष जांनिये । ३ ।

४ खण्डकर्तरी दां खुखुदां २ खुखुग थोंटझेंदें झेंदों गिथोंट ॥ जहां दाहिणे हातकी चटि अंगुरीसों बजाइये । अरु बांये हाथके अंगुठासों गति साधिये । सो खण्डकर्तरी जांनिये । ४ ।

५ दंडहस्त खखुणं खखुणं झेंदझेंद टिरिटिरि ॥ जहां दाहिणे हातकी अंगुरी लगाय । अंगुठासों ताडन कीजिये। बांये हातसों गुंकारधुन धुनि काढिये। सो दंडहस्त जांनिये । ५ ।

६ ममनख रह रह तरकिट धिकिट तकिथकि टेंहेंटहेंत्र॥ जहां अंगुरीसों नखसों मृदंग ताडन करि । पाठाछर समान कीजिये । सो ममनख जांनिये । ६।

७ बिंदु देंदिगि देंदिगि गिरिगिड ॥ जहां बांये हातसों वायों पुट सब्दसहित दाबिकें दाहिनें हातके अंगुठा पासकी अंगुरीसों । दाहिनें पुटको ताडन कीजिये। तब अनुस्वारकों गंकार होय। सो बिंदु जांनिये । ७ ।

८ यमलहस्त कुंद कुंद झेंद झेंहें झेंहें ॥ जहां बांये हातसों पुडा दाबिकें दाहिणें हातसों । ककनरको सो सब्द रचिये । सो यमलहस्त जांनिये । ८ ।

९ रचित देंदें थांथों देंदें नखझें । नह न हटें ॥ जहां बाजेकी धुनिकें चढा-यवेमें बंधा फरकायकें अंगुठासों अंगुठा पासकी अंगुरीसों गाढो ताडन कीजिये । सो रचित जांनिये । ९ ।

१० भ्रमर खिखेणं खुंखुणं खु ३ णं झेंद्र २ णह करेंसें ॥ जहां हाथकी अंगुरीसों थोरि संकोचिये । ऊभी अंगुरीसों मधुर धुनिकें लिये । ताडन कीजिये । सो भ्रमर जांनिये । १० ।

११ विग्रद्विलास तणे ३ तिर झोंझों द्रि ३ थों ॥ जहां अर्धार्धपाणिकी रितिसों दोऊ हातके अंगुठासों ॥ ओर अंगुठा पासकी अंगुरीसों दोऊ मृदंगसों पुडा एक संग बजाइये ॥ विचित्र गतिसों बजाइये सो विग्र-द्विलास जांनिये । ११ ।

१२ अर्धकर्तरी दोखुंखुं ३ ग्रह थेट ३ झेंहें धिगिगि थोंटें ॥ जहां दाहिणे हातकी अंगुठा पासकी अंगुरी ओर बीचकी अंगुरी । ओर चटी पासकी अंगुरीकों इनकों बहोत सुधी करि तिनों अंगुरीनसों एक संग ताडन करे । सो अर्धकर्तरी जांनिये । १२ ।

१३ अलग्न खुंखुं २ नखें झेंहगि २ थोंटें ॥ जहां दोऊ हातनकी अंगु-रीसों पहले दोऊ पुडा स्पर्श करिकें । फेरु बजावे सो अलग्न जांनिये।१३।

१४ रेफ हनथों झेंझें द्रं २ झेंद्र झेंहेंद्र ॥ जहां कांधो ऊंचो करि दोऊ हाथनकी सब अंगुरीसों बजाइये तालमें । सो रेफ जांनिये । १४ ।

१५ समपाणि ननगि २ देगि थों गिनह २ झें ॥ जहां समपाणिकी रीतिसों छटी अंगुरी करबजावें बहुत वेर लगी सो समपाणि जांनिये ।१५।

१६ परिवृत्तहस्तक झें थें ४ गिणना ३ ॥ जहां दोऊ पुडकों एक धुनिमें मिलायकें बजाइये सो ।परिवृत्तहस्तक जांनिये। १६ । **इति सोलह हस्तक लछन संपूर्णम** ॥

॥ अथ अष्टावपाठहस्तक लिख्यंते ॥

१ तलप्रहार दे थों द्रें धिकिट किट झेंधितिरि। जहां बांये हातसां बायों पुट बीचमें पहले दाबि फेर सिताविसों बायों हातसों ताडन करे। सो तलप्रहार जांनिये । १ ।

२ प्रहर झेदां थों गिदिगिद । २ । किट थों थों । जहां हत रिसों ताडन करि अंगुठा सों बजाइये । सो प्रहर जांनिये। २ ।

३ वलित खुंखु दरि । दां थोंगि थोंगि । जहां नगारेमें अंगुठापासकी आंगुरीसे चांम दाबिकें दाहिणें हातसों बजाइये । सों वलित जांनिये। ३ ।

४ गुरुगुंजित थुकर । ४ । थोंरागिडिदा । २ । धिकि थेंटें । ४ । जहां दाहिणे हातके अंगुठा ओर चटि आंगुरीके पासकी अंगुरीसों । दाहिनो पुडा क्रमसों सितावि बजावे जैसें । २ । सब्द होय । अरु बांये हातसों ठहरि बजावे । सो गुरुगुंजित जांनिये। ४ ।

५ अर्धसंच प्रपंच खें खें दरि । २ । खें खेंट। २ । जहां । वामपगमों नितंब कंपन करि दाहिणों हात उछालि बजाइये। सो अर्धसंच पपंच जांनिये। ५।

६ त्रिसंच खेंद खें खें दखेंद । ६ । जहां पीठको फरकाय कंबा हिलावे । बांये हाथके अंगुठातें गति साधिये । सो त्रिसंच जांनिये । ६ ।

७ विषमहस्तक खेंदं धरि । २ । थों दिगिधरिखें । ४ । खरकट । २ । जहां विषमहातसों बांयेकी जगां दाहिणे हाथ ॥ दाहिणेकी जगां । बांये हातसों उलटो मृदंग ओर वाद्य धरिकें हातकी बजायवेकी चतुराइ दिखायवेकों बजाइये । सो विषमहस्तक जांनिये । ७ ।

८ अभ्यस्तक खणगिणखड्डि । २ । नकिधिकित्त । जहां हातकी चलाकीसों विना पाठाछर कानकों मनोहर धुनि होय । सो अभ्यस्तक जांनिये । ८ । ये आठ विना पाटाछरके हस्तपाट है ॥ सो अभ्यास करि सीखे तब आवे ॥ यातें अष्टाव पाटहस्त कहत हैं ॥ इति अष्टावपाठहस्तक संपूर्णम् ॥

अथ अलग पाठ दोय लिख्यते संच ॥ थुकर । २ । गिणणं । २ । जहां अंगुरीके आगे अग्रसों बजाइये। सो संच जानिये। १। बिछुरित झेंद्र। २। झेंगरि गिड्दिा नगिरि गिडनम्। जहां संच हस्तकी रीतिसों। अंगुरीनके अग्रसों अरु अंगुठासों क्रमसों सिनावि बजाइये। सो विछुरित जांनिये।२। इति दोय अलग पाठ संपूर्णम् ॥

अथ दोय चित्रपाट लिख्यते भ्रमर ॥ दं थं दें झेंद्र । ४ । खुंखुंधरि । १ । दथोंगिं ।१। कुंजित खुंखुंधरि ।२। धरिगिगिड ।२। दन्हं । २ । खुंखुं दन्हें । २ । गिरिगिडिद् । २ । दत्थोंगि थोंगि । २ । जहां तल प्रहार हस्त वलि तलहस्तकके भेदसों मिले तहां कुंजित जांनिये॥२॥ और भ्रमर हस्तकके भेद सों मिले दोय चित्रपाट जांनिये ॥ २ ॥ इति अठायर्मी हस्तक-पाठ संपूर्णम् ॥

अथ पटह । १ । हुडुक्का । २ । आदिकके पाठाछर बजावे तें कंप करिये । ताको नाम संच है । सो पांच प्रकारको जांनिये ॥

कंधको । १ । कहणीके उपर भागको । २ । अंगुठाको । ३ । पहुंचा-को । ४ । बांये पगको । ५ । ये संच कहावे । जहां अंगुठाको । १ । पऊंचे । २ । कंप होय सो श्रेष्ठ पाठकों वरतिबे बारो हैं ॥

जहां कंध । १ । भुजाको उपरको कंप होय सो मध्यम पाट वरतिबे वारो हैं । जहां बांये चरनको कंप होय सो पाट वरतिबे वारो है सो अधम है ॥ इति संचनके भेद संपूर्णम् ॥

अथ बारह पाट विन्यास भेद ताको नाम लछन लिख्यते ॥ जहां नाना प्रकारके पाट आपनी बुधिसों रचिये तहां यह कीजिये। जहां पहले खंडके आदि मध्य अंतमें देंकार घणो आवे अरु दूसरे खंडमें ऐसेंहि गु-आवे सो वोल्लावणी जांनिये । १ ।

जहां धाठाछरको समूह न्यारे न्यारे अछिरको होय। तहां देंकारादिकको प्रयोग कीजिये। सो चह्लावणी जांनिये। २। ।

जहां बांये हातसों तलहस्तकी रीति कीजिये॥ दाहिनें हातसों उताव-लसों। अंगुली सकोडी बजाइये। सो उडुव जांनिये। ३।

जहां स्वस्तिक हस्तकी रितिसों बजाईये॥ जामें खोंकार घणों देरसें। सो कुचुम्बिणी जांनिये। ४।

जहां क्रमसों वा एक संग दोनु हातसों घणे पाठाछर गहरी धुनिसों वर-तिये। सो चारुस्रवणिका जांनिये॥ यह चारुस्रवणिका सुद्ध पाठसों होय। सो शुद्धा। १। ओर नाना प्रकारके पाठसों होय। सो चित्रा। २। ऐसें दोय भेद चारुश्रवणिकाके जांनिये। ५।

जहां डंका वा अंगुरीकी किनारसों विना लगाये॥ पुडासों बजाय मधुर धुनि काढिये। सो अलग्न जांनिये। ६।

जहां समपाणि हस्तक। १। कर्तरीहस्तक। २। दोनु मिलाय बजाई। सो परिस्रवणिका जांनिये। ७।

जहां दोनु हातनसों एक संग पुडाकों ताडन कीजिये। सो समप्रहार जांनिये। ८।

जहां डंकाके ताडनसों पाठाक्षर वरतिये। सो कुडुपवारणा जांनिये। ९।

जहां हातसों पाठाक्षर वरतिये। सो करवारणा जांनिये। १०।

जहां दोनु हातनसों बजावें। तहां दाहिनें हातसों कोमल बजावे बांये हातसों तीक्षन बजावे। सो दंडहस्त जांनिये। ११।

जहां एक हातसों वा दोऊ हातसों गहरि धुनिसों निरंतर पाठाक्षर विना विश्राम बजाइये। सो घनरव जांनिये॥ १२॥ इति बारह पाठ विन्यास नाम–लछन संपूर्णम्॥

अथ तेरह बजायवेमें गमककी रचनाहे तिनके नाम–लछन लिख्यते॥

जहां बजायवेमें कांधो पहुचामेंकी अंगुरी इनकों कंपकरि लहरि उप-जावे। सो वली जांनिये। १।

जहां पहले जो पाठ कहे तिनकों। आधा वा एक मिलायते जो पाठ बजाइये। सो वलि पाठ जांनिये। २।

जहां वोल्लावणीको प्रथम खड में कारजुत। तालनी वर्द्ध रीतिसों बजावें। सो धत्ता जांनिये। ३।

जहां अनेक बाजनके पाठाछर मिलाव। सबके जोगसों जो पाठाछर होय। सो भेद जांनिये। ४।

जहां आदि। १। मध्य। २। अंत्यमें। ३। अनेक बाजनको पाठ क्रमसों मिलाइये। सो झडप्पर्णा जांनिये। ५।

जहां पाठके अछिर बार बार जांनिपरे। सो अनुस्रवणिका जांनिये। ६।

जहां दोय वा च्यार वा आठ वा सोलह खंड रचि पाठ वरतिये॥ सो हस्त हैं वांके च्यार भेद हैं॥ जहां चंचतपुट आदि ताल वरतिये। सो चतुरस्र हैं। १। जहां चंचतपुट ताल वरतिये॥ सो त्र्यस्त्र है। २। जहां मिले ताल वरतिये। सो मिश्र हैं। ३। जहां खंड ताल वरतिये। सो खण्ड है ऐसें च्यार भेदको होय। सो हस्त जांनिये। ७।

जहां आधो वा चोथाई वा आठमों भाग कहि। २। संपूर्ण पाठ वरतिये॥ अखंड तालमें। सो जोडणी जांनिये। ८।

जहां तिन खंड रचिये॥ सो प्रथम खंड एक गुनो। १। दुसरो खंड दुगुनों। २। तिसरो खंड तीगुनों। ३। ऐसें करि तीन खंडमें वरतिये। सो त्रिगुणा हैं। सो तीन प्रकारकी है॥ जहां तीनों खंड रचि पहले दोय खंड फेर रचिये सो प्रसाद्य जांनिये। १। जहां तीन खंड रचि। प्रथम खंड रचिये। सो दूसरो भेद जांनिये। २। जहां तीन खंड रचि। मध्यम खंड रचिये। सो तीसरो भेद है। ३। जहां तीनो खंड रचि। दूसरो खंड दोय वार रचिये। सो चोथो भेद हैं। ४। जहां पिछले खंड दोय वेर रचिये। फेर दूसरो खंड रचिये। सो पांचवों भेद हैं। ५। जहां तीनो खंड रचि फेर पहले दोय खंड रचि। अरु दूसरो खंड रचिये। सो छटो भेद हैं। ६। जहां पहले दोय खंड रचिके। तीसरो खंड दोय वेर बजाइये। फेर दूसरे खंड रचिये। सो सातवों भेद। ७।

जहां तीनो खंड रचि। फेर तीसरों खंड दोय वेर रचि ॥ दूसरो खंड रचिये। सो आठमों भेद हें। ८। ऐसें तीन प्रकार त्रिगुणा आठ प्रकारके है। ९।

जहां हस्तपाठ मिलायकें। हातनके सब्दसों वरतिये। सो पंच-हस्त जांनिये। १०।

जहां अर्द्ध पाणि आदिके पाणिहस्तकी रितिसों पाठाछर होय। सो पंचपाणि जांनिये। ११।

जहां कर्तरी हस्तककी तरह पाठाछरकों थोरो थोरो अंस मिलाइये। सो पंचकर्तरी जांनिये। १२।

जहां चंद्रमाकिसि तरह। मात्रा घटि वधि होये। सो चंद्रकला ताल जांनिये। १३।

ये तेरह वाद्य रचना हुडक्कामें होत हें। ओर हूं अपनी बुद्धिसो रचिये ॥ इति तेरह वाद्य संपूर्णम् ॥

अथ वाद्यके प्रकार बजायवेमें प्रबंध तियालीस हें तिनको नाम—लछन लिख्यते ॥ सब प्रबंधनमें दंकार आदि वर्ण कीजिये ॥ सो सुंदर अछिर तालसों वरतिये सोअछिर सुनतहि। सुनिवेवारेकों आनंद होय ॥

१ यति गड्दगथों गक्कथोंटें गड्दगथों गक्कथोंटें गड्दगथों गक्कथोंटें। जहां वाद्य खंड अनेक विराम कहिये। सम लगायके बजाये। सो यति जांनिये ॥ १ ॥

२ ओता तकथों रेगड तक्थों रेगडथों रेगड्तक्धिक् थोंगटे। जहां बहुत दंकार होय ॥ हंतालिकी ताडन बहुत होय। ऐसें पाठाछर कीजे। सो ओता जांनिये। कोइक आचारिजके मतसों याको दंकार नहि कीजिये ॥ २ ॥

३ गजर तड्दग्थों गक्कथों हरघटेंथों हटें। जहां आदिमें एक ताली तालसों। पाठाछर वरतिये। फेर ओर तालसों वरतिये। सो गजर जांनिये ॥३॥

४ रिगोणी टेथोंटेगें थोधित्तोङ्गिधहटे॥ तकगंदडरद गडकृधिक गदउदधिक तकगदड-ङ्कथों गतक्धिक् धिक् कुधिटेंगेनथों थोंग थोंगकथों। जहां तीन खंड शुद्ध पाठके होय॥ ओर खंड कूट कहिये। सो संकरिण पाठ जांनिये। उन शुद्ध कूट ताडनकों गजरि धुनिव बजाइये। सो रिगोणी जांनिये ॥४॥

५ कवित्त गडदकु दगिनदं दगिनथोंग धिकों तकाधिंतक देहं। कद गदृद्द- रिक।२। कथरीकु। जहां पहलो खंड छोटो शुध्द पाठनसों रचिये। अथवा सुधे अछरनसों ऐसो एक कीजिये॥ ऐसें खंडके उद्ग्राह।१। ध्रुव।२। को अंतरा कीजिये। जहां उद्ग्राहके अंतमें॥ अथवा आधे उद्ग्राहमें तालकों पूरन कीजिये। सो कवित जांनिये॥ ५॥

६ पद तकिट धिकिट धिधिकिट धिक्किटगांड्गियकतक धिकथों तकिट धिधिकिट धि- किगग धिधिकिट धिक्किगुड्ग गधिधिग किडगुडागधिं गथों। जहां उद्ग्रा- हनिपाठ थोरो होय॥ ओर ध्रुवा घणि बडी नहि होय अथवा पाठाछर सुं कीजिये॥ अंतमें पाठाछर छोडिये सो पद होय। अथवा प्रबंधके बिचमें यति बजायकें पाठाछरसों छोडिये। सो पद जांनिये॥ ६॥

७ मेलापक थोंगटें गड्द्गथोंगटें। जहां एकताली तालके द्रुतमांनमें॥ ओर नृत्यके आरंभमें बरोबर बांयीलि बाजेके बजायवेमें। छोटो बाजा बजायवेको खंड बार बार अभ्यास कीजिये। प्रबंध पूरन करिवेकेलिये। सो मेला- पक जांनिये॥ ७॥

८ उपशम टेंथोंकगे थोंटटे थोंहटग थायें थोंटे। जहां एक खंड सुध्दादिकपाठ- नसों। वा शुध्द। अछिरनसों लघु प्रमान कोमल धुनिसों। कोमल अछिरनसों नृत्यमें वरतिये। सो उपशम जांनिये॥ ८॥

९ उद्ग्राह तेटें है तद्दं तक्ततटे। जहां वाद्य प्रबंधको प्रथम खंड हकाको शुध्द पाठाछरनसों रचिये। सो खंड प्रबंध पूरन होय तहांतांई एक वेर तथा दोय वेर वरतिये। सो उद्ग्राह जांनिये॥ ९॥

१० प्रहरण कथोंगक्क थोंगतथोंगटथोंगक थोग थोगथोक् कथोगक् थोंकट थोग- क्थोकट थोंगक्। गड्दकाथिक थोंगक्। टंगं दंथोंड्। दिड्गिनकुकु- थित्थो हथिक्कं धिटें। जहां ध्रुवामें वा अभोगमें कूट कहिये। अनेक पाठनसों उंची धुनिजुत खंड कीजिये। सो खंड एक दोय वेर। अनेक पाठ एक ताली आदि तालसों वरतिये। ओर ठोर तो इछा होय तब कीजिये। अरु नृत्यमें अवश्य कीजिये। सो प्रहरण जांनिये॥ १०॥

११ **वत्सक** गड्दग्दंदंगड्दक्थिकट तकधिकट तक्धिक्कक्। खडि खडि खखनख खिदक् झंखखनख खिदक्कदक धिक्कक कगिणनग थोंगदिहिकिं थोंग-दिहिकि तक धिकथोंगटे गडक् तकधिक थोंगटें। झक झखिखिन्नखनख-खित न्हें खखनखझें खन खरिब तुडि हिदिहि। कथोंगक्। तकधिक तक्करे घटथथोंगक्क थोंगक्टं। जहां उदग्राहको खंड रचिये आगें शुद्ध पाठसों वा कूटपाठसों वा शुद्ध अछिरनसों खंड रचिये। ये दोनु खंड दोय वेर वरतिकें। फेर पहलो खंड पहले वरति। दूसरो खंडकों आधो पाटअछिर वरतिये। छोटिकें फेर वाद्यकी भरतीसों खंड पूरो कीजिये। सो वत्सक जांनिये ॥ ११ ॥

१२ **च्छण्डग** उद्गुंदं गुंदे दग्नथों हटहटहें याहथों तकथों तकथों धिकथों तक-थिधिथोंथों थैटैथैथों तथोंटे। जहां कूट अछिर अथवा शुद्ध अछिरनसों खंड रचि वरतिये। फेर छोडिये जो वाद्यकी भरतीसों खंडकों पमान साधिये। सो च्छण्डण जांनिये ॥ १२ ॥

१३ **तुडुक** टें दंदगित थोंगटें धिकतः तथतटे हकथोंटे गेधिकतटथों गणनगिथोंगतक धिकथोंगटे। तहां उदग्राह ध्रुवा आभोगमें छोटो खंड पाठाछरकों वरतिये ॥ अथवा ध्रुवका आभोग वरतिके। फेर उदग्राह वरतिये। सो तुडुक जांनिये ॥ १३ ॥

१४ **मलप** गड्दक् तच्छित्थों हथोंहरे थैटें गणनगतक धिकक थों हटें हैं थोदगक्। तक्क तहधिक थोकथोहक थो३ हहे डिं खिखरखिखिखेरथैटें हैं थो-हगक्। दिहं कटरहं कटगड्द गथरिकटं २ थरिकटतक३ ततक धिधिक थो३थोंदटें। जहां उदग्राह एक वेर वा दोय वेर वरतिये। ओर ध्रुवका एक ठोर बार बार वरतिये। जहां व्यापक पाठाछर होय। थैटें। इन अछ-रनसों खंड बनाय वरतिये। यति निरंतर होय। सो मलप जांनिये ॥ १४ ॥

१५ **मलपांग** जहां मलप वरतिकें। ओर मलपको एक खंड थोंटें। अक्षरकों वर-तिये। सो मलपांग जांनिये ॥ १५ ॥

१६ **मलपपाट** जहां विषम खंड कहते पाटि बांधि खंडरचि मिलपकीसोनांई वरतिये। सो मलपपाट जांन्यिये ॥ १६ ॥

१७ छेद जहां सितार्वासितायी हतेलीसों रूप रीतिसों रहि रहिके वाद्य बजाईये। ताल तूटें नहि। सो छेद जांनिये ॥ १७ ॥

१८ रूपक जहां दोय वार वा एक वेर उद्‌ग्राहके पाठाछर मिलाय उच्चार कीजिये। बीचमें लय छोडि। फेर पाठाक्षर जोडीये। द्रुतजामें। कीजिय। सो रूपक जांनिये ॥ १८ ॥

१९ अंतर जहां बाजेमें तालसहित गीतकों क्रम कीजिये। सो अंतर जांनिये ॥१९॥

२० अंतरपाट जहां निबद्ध कहिये ताल छंदजुत गीत बजाये। फेर वांके पाठाक्षर बजाइये। सो अंतरपाट जांनिये ॥ २० ॥

२१ खोज जहां हातकी चलाकीसों कोमल गहरि धुनिसों पाठाक्षर वरतिये। सो खोग जांनिये ॥ २१ ॥

२२ खंडयति जहां पाठाक्षरकों खंड रचि यतीकी रीनाई वेरवेर वरतिये। जहां तांइ प्रबंध संपूर्ण होय। सो खंडयति जांनिये ॥ २२ ॥

२३ अवयति जहां तालके अंतमें विश्राम है। टें टें। ऐसें अक्षरनसों होय। ऐसो जो पाठाक्षरको खंड। यतिकी रितसों वेरवेर वरतिये। सो अवयति जांनिये ॥ २३ ॥

२४ खंडपाट जहां बाजेमें पाठाक्षरके समुहके अक्षर खंड न्यारे न्यारे करि वरतिये। सो खंडपाट जांनिये ॥ २४ ॥

२५ खंडछेद जहां पाठाक्षरके खंड छोटे छोटे खंड करिकें प्रबंधनमें वरतिये। अब दूसरो खंड कहे है। सो खंडछेद जांनिये ॥ २५॥

२६ खंडभेद जहां पाठाक्षरके खंडके छोटे छोटे खंड करि जुदे जुदे वरतिये दूसरी वेर मिलाय नही। फेर खंडनको मिलाय करि। एक खंड वरतिये। सो खंडछेदको प्रथम खंड जांनिये। सो खंडभेद जांनिये ॥ २६ ॥

२७ खंडक जहां खंड बजाइवेमें एक खंडके अनेक खंड न्यारे न्यारे करि चतुराई सों वरतिये। सो खंडक जांनिये ॥ २७ ॥

२८ खंडहुल्ल जहां श्रोता गम्य यतिमें पाठाक्षरके खंड वरतिये। सो खंडहुल्ल जांनिये ॥ २८ ॥

२९ सम जहां गीत नृत्यके समान प्रबंधकों पाठाक्षर तालके यति सहित बजाइये। सो सम जांनिये ॥ २९ ॥

३० पाटवाद्य जहां केवल पाठाक्षरहिसो प्रबंधकों निरवाहकरि ताल भरिये। सो पाटवाद्य जांनिये ॥ ३० ॥

३१ ध्रुवक जहां अनेक बाजेनमें वेरवेर बीचे बीचमें बजाइये। अनुरंजनकें वास्ते जो खंड रचिये। सो ध्रुवक जांनिये ॥ ३१ ॥

३२ अंग जहां तत खिट इन पाठाक्षर विनां केवल। देंदें टेंटें झेंझें। इन पाठाक्षर सों ताल पूरन कीजिये। सो अंग जांनिये ॥ ३२ ॥

३३ तालवाद्य जहां झेंझें अक्षरमें चंचतपुट तालसों चोसटि कलाको खंड वरतिये। सो तालवाद्य जांनिये ॥ ३३ ॥

३४ विताल जहां प्रबंधकी आदि। १। मध्य। २। अंत्य। ३। इनमें विताल कहिये। तालकी विकृत। जेसें गुरुके स्थान दोय लघु करि पूरिये अथवा दोय लघु एक गुरुसों पूरिये। सो विताल जांनिये ॥ ३४ ॥

३५ खलक जहां अंगुठा फेलायके सीधी अंगुरीनसों। क्रमतें पताक हस्तकी रीति सों पाठाक्षर वरतिये। सो खलक जांनिये ॥ ३५ ॥

३६ समुदाय जहां सब बाजेनमें। एक संग सब पाठाक्षर बजाइये। सो समुदाय जांनिये ॥ ३६ ॥

३७ जोडनी जहां कहे जे। अनेक पाठाक्षर तिन सबनके एक एकटक लेंनें वो पाठाक्षरको खंड रचि जुदे जुदे उनके तालनसों वरतिये। सो जोडनी जांनिये ॥ ३७ ॥

३८ उडव जहां लयसहित तालमें लय छोडिकें तालमें पाठाक्षर वरति चमत्कार दिखावें सो उडव जांनिये ॥ ३८ ॥

३९ तलपाट जहां मलपपाटकी रितिसों दोय च्यार पाठाक्षर मिलाय प्रबंधके अनुस्वार कीजिये। सो तलपाट जांनिये ॥ ३९ ॥

४० उड्डवणी जहां धेंटें। इन अक्षरनसों वा अपनें पाट अक्षरनसों आदि अंतमें देंकार लगाइये। विलंबित लयमें खंड रचिये। सो उड्डवणी जांनिये ॥ ४० ॥

४१ तुंडक जहां प्रबंध गीतकें आदि। १। मध्य। २। अंत्य। ३। में

बाजेकों एक देस करिये । गहरी धुनि वा तीछनि धुनिसों । हातकी चलाकीसो खंड बजाइये । सो तुंडक जांनिये ॥ ४१ ॥

४२ अंगपाट जहां सुधे सुधे पाठाक्षरनकों खंड बार बार वरतिये । सो अंगपाट जांनिये ॥ ४२ ॥

४३ पैसार जहां अनेक बाजेनमें एक खंडके जुदे जुदे खंड करि वे खंड न्यारे न्यारे बाजेनमें वरतिये । सब बाजेनमे एक तालकों निर्वाह कीजिये । सो पैसार जांनिये ॥ ४३ ॥

ऐसें तियालीस वाद्य प्रबंध जांनिये । इहां रिति दिखायवेमेंकों तियालीस वाद्य प्रबंध कहें है सो वाद्य प्रबंधको भेद तो अपार हें । या रितिसों । ओरहू समझिये । तहां पाठ भेद । १ । वाद्य रचना । २ । वाद्य प्रबंध । ३ । ये पटह बाजे कहे हें । ते मृदंगादिक सब अन्य बाजेनमें जानि लीजिये ॥ इति तियालीस वाद्य प्रबंध नाम लछन संपूर्णम् ॥

अथ मृदंगको लछन लिख्यते ॥ जहां सुंदर बिजेसारके काठ अथवा खेरको काठ । अथवा रक्तचंदनको काठ । घणो आछो सुद्ध जवर फाट गांठ सलहीन सुंदर काठ लीजिये । पीछे चतुर कारेगर होय । तापास मृदंग बनाइये । मृदंगको मध्य साडेइकईस आंगुल मोटो कीजिये ॥ ओर लंबो बारह मूठि प्रमान कीजिये । यह मृदंगको प्रमान हें ॥ दाहिणे भाग चोदह आंगुलको मोटो कीजिये । बांयो भाग कभि सतरह आंगुलको कीजिये ॥ ओर दोय लोहके अथवा काठके कडा । दोऊ मुखपें चढाईये । दोय कडामें । एक यव अंगुलके अंतरसों बीस बीस छेद राखिये । पीछे दोऊ मुख चांमसों मढिके वह चांम कडासों लपेटि गाढो दृढ कीजिये । फेर कडाके छेदमें चांमकी डोरि डारि दोंन तरफसों खेचिके । चांम दृढ कीजिये । जैसे वामें धुनि उपजे । पीछे तीन चांमके डोरेसों । पहले चांमके डोरानकों । गोमूत्रिकाके आकार ग्रंथिके । ऐसो गाढो कीजिये । जासों दोऊ मुखके चांम ढीले नहीं होय । तहां दाहिनें मृदंगके मुखकों चांम हें । तामें छह अंगुल प्रमान गोलाकार लोह चुरकी स्याई जमाइये । सो धुनि पिछ न होय ॥ ओर बांये मुखके चांम जब बजावनों होय । तब गहूंके चूनकी छह ॥ आंगुलकी पूरिके आकार गोल चूनकों पांनिसों सानिकें लगाइये

तब मेघकीसि गंभीर धुनि होय ॥ ऐसें या मृदंगमें और एक रेसमी वस्त्रकों। अथवा सूतको रंगीन वस्त्र घणों मोलको मिलायको कंठमें नांखि। अरु दाहिनी कांखिमें काढिये। मृदंगमें दूमो लपेटिकें। फंकाके आसेरेसों कमर कसिये। जैसें बजायवे वारो सुखसों आपकी मृदंग आप बजाय ले सो या मृदंगके तीन भेद हें। मृदंग। १। मुरज्ञ। २। मरदल। ३। इन तीनोंनको मृदंग कहत ह। या मृदंगके मध्यमें ॥ ब्रह्माजीको वास हें। बांये मुखमें श्रीविष्णुको वास हें दाहिनें मुखमें श्रीशिवजीको वास हें। मृदंगके काठमें वा तांतिमें वा कडामें तेतीस कोटि देवताको वास हें। यातें याको नाम सर्व मंगल हें। जो कोऊ सदा मंगलीक मृदंगको दरसन करे। मृदंगको निसदिन धुनि अथवा पाठाछर सहित। उच्चार गीत नृत्यादिकमें। सुनें सुनाय ताके खोटे सुपन खोटे सकुन वेरि समूह। राग आदि अरिष्टके सिगरे भये दूरि होइ। जो पुरुष या मृदंगके गुन रचना जानें। तिनको मनोरथ देव सफल करे ॥

अथ या मृदंगके पाठाछर लिख्यते ॥ तहां दाहिणें मुखमें। त। १। धि। २। थो। ३। ठें। ४। ने। ५। हें। ६। दे। ७। ये सात अछर जांनियें। ओर बांये मुखमें। ठ। १। ट। २। ल्हा। ३। द। ४। ध। ५। ला। ६। यह छह अछर जांनिये ॥ ओर पटहके ककारसों आदि लेकें सो-लह पाठाछर जांनिये ॥ इहा। त १। धि। २। थो। ३। डे। ४। न हि दें॥ इन केवल सुद्ध कहे हें ॥ इनमें मात्रासहित वा मात्राहिन ॥ आपसमें मिले अथवा जुदे जुदे व्यापक सोलह अछर ककारादिकनसों मिलाइये पहले अछर सात तब कूटसंजक होत हें। कट। १। खट। २। गट। ३। वट। ४। एसें जांनिये ॥ इन अछरनको जों पंडित होय सो आछे कविताकें। अछितरें एकांतमें वह बनाय सुंदर लयमें तालजुत गावे सो कवितकार वादक जांनिये ॥

अथ प्रसिद्ध पाठाछर लिख्यते ॥ तहां दधिगनथों यह तांनकी समा-प्तमें ॥ लय पूरिवेकों यह अछर आगेंको दीजिये ॥

अथ अकारादि स्वरनके उदाहरण लिख्यते ॥ जग। १। झग। २। टंकु। ३। थढ्ड। ४। णड। ५। तन। ६। थां। ७। दंदां। ८।

धलां । ९ । नग । १० । ननगि । ११ । किट । १२ । किड । १३ । क्रिण । १४ । किट । १५ । गिझि । १६ । ढिंढिकं । १७ । दिगि । १८ । धिगि । १९ । रिट । २० । कुकु । २१ । कुंदरिक । २२ । तुतु । २३ । क । २४ । झे । २५ । थे । २६ । थो । २७ । थों । २८ । थै । २९ । थैय । ३० ।

अथ अकारादि स्वरके प्रति उदाहरण लिख्यते ॥ झक । १ । तक । २ । धिक । ३ । नक । ४ । तुड । ५ । नड़ । ६ । किटदे । ७ । थैंय । ८ । किरंट । ९ । वल । १० । धल । ११ । धींहं । १२ । किट । १३ । किडि । १४ । गिड । १५ । धिमि । १६ । इगु । १७ । ऐसें हि ओरनके पाठाछर जांनिये ॥

जो कोई हस्तकमों मृदंग बजाइये ॥ तहां अंगुठासों चटि आंगुरी वा चटि आंगुरीक पासकी अंगुरी अनागिकासों धुनिकों दाबि रचना रचिये । तब तः ॥ १ ॥ अछर होय । याकी पिठिमें हातकी हतेलि लगाइये । मुखकें बीचमें टडि अंगुरिनसों ताडन कीजिये तब धि ॥ २ ॥ सब्द होय । ओर जहां चटि अंगुरिनसों चांमसों स्पर्श करि । अंगुठा पासकी दोऊ अंगुरीसों । छटवों ताडन कीजिये । तव । थों ॥ ३ ॥ सब्द होय । या मृदंगके मुखके कीनारेकी ओर नखकें छोटे घाटसों ताडन कीजिये । स्याहि छोडिकें । तव । नः ॥ ४ ॥ सब्द होय ॥ यह च्यार वरन । त ॥ १ ॥ धि थों न ॥ ४ ॥ दुने बजाइये । वा चोगने बजाइये । इहां ज्या वर्गको प्रथम अछर जा रितसों बजाये । ताहि रितसों वर्गको दूसरो अछर बजाइये ॥ जहां कटि जो कनिष्टा पासकी अनामिका दोऊ अंगुरीसों मृदंगके किनारे पताका रितीसों । ताडन कीजिये तब किः ॥१॥ यह सब्द होय । इन दोऊ अंगुरीनसों सिखरकी नांइ बजाइये । तव टः ॥ २ ॥ यह सब्द होय । ओर थकार पहले सब्द कीजिये । तब थकिट ऐसें सब्द होय । अथ इनको प्रस्तार कहे हें ॥ थकिट धिकिट ।२। थोंकिट ।३। नकिट । ४ । तथकिट । ५ । धिधिकिट । ६ । थोंथोंकिट । ७ । नंनाकिट । ८ । तत्ताथकिट किटकिट । ९ । धिधिधिकिट किटकिट । १० । थोंथों थोंथों किटकिट किकिनं नां नं किट किट किट ।११। ततत्ततथकिट किटकिट किट । १२ । थकिट थकिट किडकिट किटकिट ।१३। ऐसें ओर हू जांनिये । जहां हातको गोल करि चटि

अंगुरीसों मृदंगके मुखको चाम छूयकें ताडन कीजिये ॥ तब कूं । १ । यह सब्द होय ॥ जहां हातकी मूठिकों ॥ घसतो ताडन कीजिये । तब र । २ । यह सब्द होय ॥ जहां अंगुरी छीदि छिद्रीसों पताकाकी तरह ताडन कीजिये । तब कर्तरी गमक होय ॥ जहां जहां लयकी अंतमें दोय हातसों । तब थों । ३ । यह सब्द होय ॥ ओर कर्तरीके प्रमान विना सिगरे अछिर अपनी बुद्धिसों उपजाइये ॥ ओर दाहिणे हातके सहारेसों बांये हातसें ताडन कीजिये तब थों । ४ । यह सब्द होय ॥ अवे पाठाछरको उदाहरन कहेहें । कुंदरिकुं । १ । थरिकुकु ।२। कुंदकुकु ।३। कुंदकिट । ४ । अथवा तकिडिगिडि । १ । धिकिड-गिडि । २ । थोंगिडगिडगिड । ३ । तंगीडगिडगिड । ४ । जंगजगथो । ५ । दिगिदिगिदां । ६ । तग तग तग तग । ७ । ऐसें जांनिये ॥ अनेक प्रकारके ग्रंथ अदिक होय तहां भये विस्तार तें नही लिखे हें ॥ अपनि बुद्धिसों उदाहरण लिखे हें तासों सूक्ष्म दृष्टि करिकें समझिये ॥

अथ मृदंग बजायवे वारेको लछन कहे हें ॥ मृदंग बजायवेवारो बुद्धिवान होय । १ । अथवा सरिरमें पराक्रम होय । जाकी मधुर धुनि होय । २ । धीरो होय । ३ । लंबी भुजावारो होय । ४ । जो घणी वेरतांई आसन दृढ राखे । ५ । सास्त्रमें जो जो हस्तक कहे हें । तिनकुं जांनीवेवारो होय । ६ । पाठाछरकों रचायवेवारो होय । ७ । श्रुति ताल अथवा तालके दस प्राणमें महा प्रविण होय येलोग जो गीत गावे तामें अनुकूल होय । मृदंग बजायवेमें महाविचक्षण होय । सत्पुरुसको भक्त होय । ऐसो चाहिजे ॥

जामे ये गुन नही होय ॥ सो मृदंग बजायवेवारो नहि लीजिये ॥ तहां मृदंग बजायवेवारेको च्यार भेद कहे हें ॥ वादिक । १ । मुखरी । २ । प्रतिमुखरी । ३ । गीतानुम । ४ । इन च्यारोंनकों लछन कहे हें । जो बाजेकी चर्चामें अपनु मत पुष्टिकर बुद्धिसों दूसरेको मत खंडम करे सो बजायवे बारो वादी जांनिये । १ । जो चर्चामें वादीके मतकों अनुसार बजायकें । अपने मतके बाजेमें रस दिखावे सो बजायवेवारो मुखरी जांनिये । २ । जो चर्चामें दोऊ वादीके मतकों खंडन करि नई सास्त्रकी रीतिसों गीतआदिककों निर्वाह करे सो प्रतिमुखरी जांनिये । ३ । जो चर्चामें दोऊ वादिके मतसों । ओर आपना

प्रतिष्ठाके लिये । वादीनकों मानभंग करिवेकों अनेक प्रकारसों नये नये वाद्य करि दिखावे गीत नृत्यकों सम छोडि नही ताल सहित होय । सो गीतानुग जांनिये ॥ इति मृदंग बजायवेवारोंके च्यारी भेद लछन संपूर्णम् ॥

अथ मृदंग बजायवेवारेंकी रीतिमें च्यारोंनके लछन अनुक्रमसों लिख्यते ॥ जहां चर्चा होय तहां पहले त्राटनामको बाजमें बजाइये । सो त्राटन कहिये ॥ मृदंगके विना चून लगाये ॥ ताल विनाहि जो अजमायवेकी हडड हडड ऐसें धुनि होय सो त्राटन जांनिये ॥ यासों मृदंगकी सुद्ध । १ । असुद्धता । २ । जांनि परे । जो मृदंग सुद्ध होय तो ॥ चून लगाय बाजेकों वरताव कीजिये । १ । असुद्ध होय तो मृदंगको शुद्ध कीजिये । २ । ऐसें सुद्ध–असुद्धता देखे । हातकों सचावटके लीये ॥ ऐसेंहि मृदंगमें चाट वा झांझ या रीतिसों धुनि दोऊ मुखमें रचिये वासों हातकी सुद्ध–असुद्धता जांनि परे ॥ ऐसें हातकी असुद्धता जांनि ॥ फेर चून लगायकें ॥ दाहिणें मुखके कडासों ठोकिकें स्वर ठिकाणें लायकें बांये मुखमें गद्दगधो ऐसें धुनि बजाइये ॥ ओर गिडदां ऐसें धुनि दाहिणे मुखमें बजाइये ॥ पिछे मध्य लयसों चाहते तालमें दोऊ मुखमें गतिसों धुनि बजाइये ॥ तहां पहले विलंबित लयमें । १ । दूसरो मध्य लयमें । २ । तीसरो द्रुत लयमें । ३ । एक तालहीको वरतिवो । ऐसेंहि तहां विलंबित लयकी समाप्तमें ॥ एक थोंकार लेकें तालको मान पूरन कीजिये । यासों मृदंग बजायवेके हातनके अभ्यासकी परपाटी जांनिये ॥

अव गीत नृत्यमें बाजेके जमायवेको नाम स्थापन हें ताको लछन लिख्यते ॥ जो आलापकी रीतिसों ॥ मंद्र । १ । मध्य । २ । तार । ३ । इन तीनो स्थाननमें शुद्ध होय ॥ कानको प्रियलगे ऐसें दोऊ हातसों बजावेकी जो मधुरी धुनि ॥ सो स्थापन जांनिये । ऐसे स्थापन करि टाकणि वादन करिये ता टाकणि । १ । वादम । २ । के लछन कहे हें ॥ जहां आरंभ समाप्तिके बीचमें । थोंकार बहुत होय ॥ ओर चतुरस्र चंचतपुट ताल । १ । त्र्यस्र चंचतपुट ताल । २ । कहिये याकों मिश्र । षट्पितापुत्र देसी मार्गी ताल । इनमेंसों कोऊ जहां एक तालमें अनुरंजन सहित बजाइये । सो टाकणी । १ । वाद । २ । जांनिये ॥

अब या टाकणि वाद्यके दोऊ भेद हैं एक सरा । १ । दुसरो घोडा । २ । अब इनकों लछन कहे हैं ॥ जहां जो अष्ट कलादि ताल होय ताकि कलानमें कंप करि प्रस्तारकी रीतिसों कलानमें पहली ध्रुवाकों वाद्य खंड कीजिये । एक संग एक वार करे । सो एकसरा टाकणि जांनिये ऐसें एक वार । १ । दोय वेर । २ । तीन वेर । ३ । च्यार वेर । ४ । किये तें । शुद्ध अभ्यास होय तहां कला कंप जुत वाद्य खंडकों । उदाहरण कहे हैं । तद्धितोटें । १ । तत धिधिथों थोंटें टें । २ । ततधि धिधि थोंथों थोंटे टे टें । ३ । ततततधि धि धि धि थो थो थो थो टे टे टे टे । ४ । याको श्रम वहनी कहे हैं ॥ यह कला कंप जुत वाद्य खंड चंचतपुटकों जांनिये ॥

अब एक सर टाकणीको वाद्य खंड कहे हैं ॥ तकधिकट तकधिकट धिकटतक तकधिकट तकतक धिकट तधिकटतक धिकट में आठ वाद्य खंड आठ कलानके जांनिये । ये आठो कला एक वेर एक संग वरतिये । तब एक सरा टाकणी जांनिये ॥ १ ॥ ओर एक संग आठों कला क्रमसों दोय वेर वरतिये । तब जोडा टाकणी जांनिये ॥

अबें वाद्यको लछन कहे हैं ॥ जहां तालकी जितनी कला होय । तितनी कला खंड होय सो वह खंड पहले तो संपूरण वरतिये ॥ फेर एक एक कला दोय दोय वेर वरति पूरण कीजिये सो वाद्य जांनिये ॥ यामें दोय वेर खंड ऐसें बरतिये दंदं टीरीटीरी टिद्दिक डदगडें ॥ थरिक्क थरिटंक णगणथ रिग गणगणथरि । दत्थरि गडगद दत्थरि गडगद । दत्थरि दत्थरि । तगड्द कथरि ॥ तक्कट ततक ॥ इहां चंचतपुट धिकट हें । ताकी सोलह कलासों सोलह कलाकों ॥ एक वाद्य खंड रच्यो ॥ या वाद्य खंडको प्रथम तो एक संगपूरन कीजिये ॥ दूसरी वेर यांकी एक एक कला दोय दोय वेर कहिकें खंड पूरन कीजिये ॥ तब यह वाद्य नामकों बजायवो होय ॥ यह वाद्य एक वेर बजाइये ॥ तो एक सरां वाद्य जांनिये ॥ ऐसें हि याको दोय वेर बजाइये । तब घोडा वादन जांनिये ॥ ये टाकणी वाद जो रचे ॥ ताको वादी बजाइवेवारो जांनिये ॥ इहां त्राटनआदि जे बजायवेके प्रकार कहे ॥ तिनके पाठा छरनमें तकार लीजिये । यातें त्राट आदि वादनमें ॥ दिगिदिगिये वरतीलीजिये जहां जां खंड द्रुतलयमें वरतिये ।